www.epaper.azadsipahi.in

15 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 27

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


झारखंड का 25वां स्थापना दिवस आज






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW






बिहार में
एनडीए
की प्रचंड जीत
एवं
झारखंड स्थापना दिवस
के उपलक्ष्य में
समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश सिंह
प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा

www.epaper.azadsipahi.in

15 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 27

पॉडकास्ट

राज्य का पहला धर्म अमन चैन स्थापित करना और भयमुक्त बनाना : बाबूलाल



# मोदी हिट-नीतीश फिट, महागठबंधन चारों खाने चित

- रास न आये तेजस्वी, खारिज हुए सहनी, राहुल तो पहले ही खिसक लिये
- भाजपा की जीत की हनक बंगाल तक
- एनडीए के एमवाइ समीकरण ने बुझा दी लालटेन की बाती

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम आ चुका है। एनडीए के एमवाइ समीकरण ने लालटेन की बाती बुझा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर हिट रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जहां अनफिट कहा जाता था, वह फिट रहे। जनता को राजद नेता महागठबंधन के मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव रास नहीं आया। वीआइपी के मकेश साहनी को खारिज कर दिया। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल तो पहले ही खिसक लिये थे।

बिहार की जीत में भाजपा की हनक अगले वर्ष बंगाल चुनाव तक रहने की उम्मीद अभी से जतायी जाने लगी है। बिहार के परिणाम ने सभी को चौंका दिया। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी। बिहार के 243 सीटों में से एनडीए 200 सीटों को पार कर रही।

महागठबंधन केवल 34 सीट पर सिमटती दिख रही है। वहीं, प्रशांत किशोर की जनसुराज का नामोनिशान मिट गया। खबर लिखे जाने तक एनडीए 178 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी थी। जबकि 24 सीटों पर आगे चल रही थी। वहीं, महागठबंधन ने 31 सीट जीते थे और 4 सीट पर आगे था। अन्य के खाते में छह सीट आयी थी।

एनडीए में भाजपा और जदयू ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अन्य सहयोगी पार्टियों एलएजेपी को 29 सीटें, हम और आरएलएम को 6-6 सीटें दी गयीं थीं। भाजपा ने 91 सीटों पर जीत हासिल की है। जदयू 83, एलजेपी 19, हम और आरएलएम की मिलाकर 9 सीटों हैं। उधर, महागठबंधन में राजद के खाते में 25, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर जीत की ओर है। पीके की पार्टी जन सुराज और वीआइपी का खाता भी नहीं खुला।

बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीते। तेजप्रताप यादव महुआ से चुनाव हार गये हैं। वहीं, सम्राट चौधरी, अनंत सिंह और मंगल पांडे जीत गये, तो मैथिली का भी जादू चला। वह भी जीत गयीं हैं।

## बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया: मोदी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में एनडीए की जीत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य नेताओं को बधाई दी। बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार शाम दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। अब कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आयेगी। उन्होंने छठी मईया के जयकारे भी लगाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राजद ने छठी मईया से माफी नही मांगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ?कांग्रेसी सहयोगियों के वोट बैंक को निगल रही है। कांग्रेस का एक और विभाजन हो सकता है। उन्होंने बिहार को विकसित बनाने का वादा किया। मोदी ने कहा कि बिहार में निवेश और रोजगार की तेजी होगी। देश के हर हिस्से में एनडीए पर विश्वास बढ़ा है। लोकसभा के बाद कई राज्यों में प्रचंड जीत मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बनाया है।



**घाटशिला उपचुनाव: हेमंत जीत की गारंटी**

# झामुमो का फिर से कब्जा

सेमोश सोरेन ने बाबूलाल सोरेन को 38 हजार वोटों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर/घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो ने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने भाजपा के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को 38 हजार से अधिक मतों से हराया। पिछले चुनाव में स्व. रामदास सोरेन 22 हजार मतों से जीते थे। इस बार घाटशिला की जनता ने स्व. रामदास सोरेन और स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुए रिकार्ड मतों से झामुमो प्रत्याशी को जिताया। झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को 1,04,794 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन 66,270 वोट मिले। वहीं जेकेएलएम को केवल 11,542 वोट मिला। सोमेश पहले राउंड से आखिरी 20 राउंड तक लगातार बढ़त बनाये रखा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जीत की गारंटी बन गये हैं। इस चुनावी परिणाम से यह भी साबित हुआ कि झारखंड की महिलाओं का भरोसा हेमंत सोरेन के साथ खड़ी है। जीत के बाद सोशल मीडिया पर सोमेश सोरेन ने भावुक पोस्ट भी किया। उन्होंने लिखा कि आपने जिस भरोसे के साथ मुझे चुना है, वह मेरे लिए गर्व भी है और जिम्मेवारी भी।



## जनता ने फिर इतिहास रच दिया: हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव में अपने प्रत्याशी की जीत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोमेश सोरेन को बधाई दी। घाटशिला की जनता के प्रति आभार प्रकट किया। हेमंस सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा 'घाटशिला विधानसभा की जनता ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। घाटशिला के मेरे प्रिय वासियों को सोमेश बाबू और तीर-कमान को अथाह स्नेह एवं आशीर्वाद देने के लिए बहुत-बहुत बधाई, आभार और जोहार। यह जीत घाटशिला की जीत है। यह जीत घाटशिला के लोगों के आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने की तरफ एक मजबूत कदम है, यह जीत स्व. रामदास दा को विनम्र श्रद्धांजलि है। आने वाले समय में आपके विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का काम करेगी आपकी अबुआ सरकार और झामुमो परिवार। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! रामदास सोरेन अमर रहें! झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद! जय घाटशिला! जय झारखंड!'

# झारखंड का 25वां स्थापना दिवस आज

- राज्य भर में जश्न की तैयारियां पूरी
- मोरहाबादी मैदान में होगा मुख्य समारोह
- जतरा से लेकर ड्रोन शो तक होंगे आकर्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर राजधानी रांची का मोरहाबादी मैदान पूरी तरह उत्सव के रंग में रंग चुका है। राज्य सरकार इस रजत जयंती समारोह को ऐतिहासिक और भव्य बनाने जा रही है। मोरहाबादी मैदान में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और कल तक सभी व्यवस्थाएं जनता के लिए खोल दी जायेंगी। रांची के अलावा पूरे राज्य में जश्न की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। झारखंड के विभिन्न विभाग, जैसे पर्यटन, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, सांस्कृतिक विरासत, उद्योग, खान एवं भूविज्ञान, खेल, वन-जलवायु एवं पर्यावरण परिवर्तन विभाग तथा सरकार की फ्लैगशिप योजनाएं अपनी प्रदर्शनियां लगायेंगे।

इन सभी प्रदर्शनियों का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे और इसके बाद वे मंच से जनता को संबोधित भी करेंगे। मोरहाबादी मैदान में झारखंड की पारंपरिक सोहराइ पेंटिंग बनायी गयी है, जो राज्य की कला और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। साथ ही कई थीम-आधारित सेक्शन तैयार किये गये हैं, जहां राज्य की परंपरा, लोकजीवन और आधुनिक विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जायेगा।

समारोह में पूरे राज्य से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न जिलों से निःशुल्क बसों की व्यवस्था की गयी है। रांची शहर को रोशनी, सजावट और रंगीन बैनरों से सजाया गया है, जिनमें राज्य की 25 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां- इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, औद्योगिक निवेश और जनकल्याण योजनाएं दिखायी गयी हैं।



- मोरहाबादी मैदान में 15 और 16 नवंबर को दो दिवसीय समारोह आयोजित किया जायेगा।
- 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम होगा।
- 16 नवंबर को ऐतिहासिक झारखंड जतरा और सांस्कृतिक महोत्सव होगा।
- 16 नवंबर को आयोजित होने वाला 'झारखंड जतरा' सुबह 10 बजे जैप-1 डोरंडा परिसर से शुरू होगा और शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान तक जायेगा। इसमें 4000 से अधिक लोक कलाकार और 22 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जो झारखंड की संस्कृति, संघर्ष और विकास यात्रा को दर्शायेंगी।
- शाम 4 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें जनजातीय नृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वाद्य-संगीत और झारखंडी गायिकाओं का लाइव परफॉर्मेंस शामिल रहेगा। इस वर्ष पहली बार राजधानी में ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है, जो समारोह का प्रमुख आकर्षण रहेगा।
- विशेष प्रदर्शनी में झारखंड की विकास यात्रा, जनजातीय संस्कृति, कला-हस्तशिल्प और महापुरुषों की विरासत को दिखाया जायेगा। भगवान बिरसा मुंडा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को समर्पित विशेष सेक्शन और उनकी जीवन गाथा पर आधारित झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। मोरहाबादी मैदान में इस बार का झारखंड स्थापना दिवस राज्य के 25 वर्षों की संस्कृति, संघर्ष और उपलब्धियों का भव्य संगम बनने जा रहा है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, जोहार! रजत पर्व के इस ऐतिहासिक अवसर पर झारखंड की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हम सभी वीर नायकों और राज्य निर्माण के योगदानकर्ताओं को नमन करते हैं। यह केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मसम्मान और स्वाभिमान की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है। आइए, हम सभी मिलकर एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और खुशहाल झारखंड के निर्माण का संकल्प लें।

**21 हजार ग्राम संगठनों का विशेष कार्यक्रम**

# 25 वर्षों की प्रगति, बदलावों और महिला नेतृत्व की भूमिका पर संवाद



- ग्रामीण महिलाओं और जन प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी
- उत्कृष्ट सखी मंडलों और कैडरों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड रजत जयंती के अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्यभर के 21 हजार से अधिक ग्राम संगठनों में एक साथ विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सखी मंडल की ग्रामीण महिलाओं के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी ग्राम संगठनों में झारखंड की रजत जयंती पर राज्य की प्रगति, सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिला नेतृत्व की बढ़ती भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई।

### ग्राम संगठनों में भविष्य को लेकर सामुदायिक चर्चा

बैठकों में खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य पर सामुदायिक विमर्श हुआ, जिसमें सखी मंडलों ने अगले पांच वर्षों की विकास प्राथमिकताएं तय कीं। महिलाओं ने कम्युनिटी निवेश फंड और बैंक ऋण की 100% वापसी, वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने, आजीविका गतिविधियों के विस्तार तथा महिला प्रधान, एकल और अति-गरीब परिवारों को संवेदनशीलता कमी निधि और आजीविका योजनाओं से जोड़ने का संकल्प लिया। साथ ही लैंगिक-आधारित हिंसा, स्वास्थ्य, पोषण और समुदाय सुदृढ़ीकरण से जुड़े शपथ-पत्रों के पालन का भी संकल्प दोहराया।

### उत्कृष्ट सखी मंडल व कैडरों का सम्मान

रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस राज्यव्यापी कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कैडरों को सम्मानित किया गया।

जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित यह व्यापक पहल न केवल झारखंड की 25 वर्षों की विकास यात्रा का उत्सव है, बल्कि आने वाले वर्षों में एक मजबूत, समावेशी और समुदाय-केंद्रित विकास मॉडल की दिशा में ठोस कदम भी है।



उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजुनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से मैदान का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं बलों की संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## बिहार में एनडीए की 'प्रचंड जीत' को सन्नी टोप्पो ने पीएम मोदी की कार्यशैली को बताया जनता के विश्वास की वजह



रांची (आजाद सिपाही)। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में एनडीए को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत बिहार की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली और उनके नेतृत्व पर अटूट विश्वास का परिणाम है। ?चुनाव परिणामों के रुझान और आधिकारिक आंकड़े स्पष्ट रूप से बता रहे हैं कि एनडीए ने 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे गठबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे केवल विकास और सुशासन चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस तरह से केंद्र में और बिहार के विकास के लिए काम किया है, उस पर पूरे बिहार वासियों ने विश्वास जताया है। उन्होंने आगे कहा कि यह जीत सिर्फ सीटों का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री जी की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति को बिहार की धरती पर मिली स्वीकृति है। सन्नी टोप्पो ने विशेष रूप से बिहार के युवा मतदाताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे अब जातिगत राजनीति और पुराने ढर्रे को छोड़कर, केवल रोजगार, शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए वोट कर रहे हैं। भाजपा और एनडीए सरकार युवाओं की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनडीए की नयी सरकार बिहार में विकास की गति को दोगुना करेगी और प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर बिहार' के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से काम करेगी।

## बिहार की जनता ने विकास को चुना : जैलेंद्र कुमार



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रांची जैलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास को चुना है। पिछले बीस वर्षों में कुछ दिन को छोड़ कर एनडीए की सरकार जो नीतीश कुमार और ग्यारह वर्षों से देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चली उसी का इनाम जनता ने दिया। उन्होंने कहा कि मुझे इस चुनाव में कसबा विधानसभा 58 में काम करने का मौका मिला। पूरे बिहार में चारों ओर विकास हुआ है चाहे फ्लाई ओवर हो, सड़कें हों, बिजली हो, प्रशासनिक व्यवस्था हो, पुल पुलिया हो, एयरपोर्ट हो, महाविद्यालय हो ऐसी सभी कार्यों पर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है आने वाले दिनों में कल कारखाने भी वहां खुलेंगे। वहां की जनता बहुत समझदार है।

## गरीब कल्याण को जनता का आशीर्वाद है : योगेंद्र प्रताप



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में जनता ने एनडीए गठबंधन को अभूतपूर्व और प्रचंड जीत का आशीर्वाद दिया है। बिहार की जनता ने सुशासन और विकास के पक्ष में प्रचंड जनादेश देकर इतिहास रच दिया है। यह जीत सुशासन, विकास की जीत है। झोली भर कर मिली यह प्रचंड जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्कृष्ट विकास की नीतियों और अंत्योदय व गरीब कल्याण योजनाओं का नतीजा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन का परिणाम है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति को बिहार की जनता ने निर्णायक रूप से पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह चुनावी परिणाम स्पष्ट संदेश है कि बिहार विकसित भारत के मॉडल के साथ खड़ा है। यह जीत एनडीए के हर कार्यकर्ता की कठोर मेहनत, निष्ठा और निरंतर जमीनी प्रयासों का परिणाम है। यह प्रचंड जनादेश, विकास, सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण को जनता का आशीर्वाद है।

## बिहार की जनता जंगलराज, लूट भ्रष्टाचार की सोच को दोबारा स्वीकार नहीं कर सकती : डॉ प्रदीप वर्मा



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश महामंत्री और राज्य सभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की जनता जंगलराज, लूट भ्रष्टाचार की सोच को दोबारा स्वीकार नहीं कर सकती। अब बिहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नीतीश कुमार के साथ डबल इंजन की सरकार में तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने केवल विधानसभा चुनाव में बिहार को ही नहीं जिताया है बल्कि लोकतंत्र को मजबूत किया है और लोकतंत्र के विरोधियों को सबक सिखाया है।

## बिहार ने विपक्ष के झूठ का मजबूती से जवाब दिया : रमेश सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत को सुशासन की जीत बताया। उन्होंने कहा है कि बिहार ने विपक्ष के झूठ का मजबूती से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है। उन्होंने जनता के बीच जाकर एनडीए सरकार की विकास के एजेंडे को सामने रखा और विपक्ष के हर झूठ का मजबूती से जवाब दिया। मैं उनकी हृदय से सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व का परिणाम है यह जनादेश। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए परिवार के चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को इस जबरदस्त जीत के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।

## बिहार का परिणाम, वंशवाद की राजनीति के खिलाफ, विकासवाद का जनादेश : दीपक बंका



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने बिहार में एनडीए की बंपर जीत बिहार की जनता और एनडीए कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नयी सरकार के साथ एनडीए अब बिहार में 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा की ओर आगे बढ़ रही है। बिहार ने ये सुनिश्चित किया है कि बिहार की महान भूमि पर फिर कभी जंगलराज की वापसी नहीं होने वाली है। आज की ये जीत बिहार के उन बहनों, बेटियों की है, जिन्होंने आरजेडी के राज में जंगलराज का आतंक झेला है। ये जीत, बिहार के उस नौजवान की है, जिसके भविष्य को कांग्रेस और लाल झंडे वालों के आतंक के कारण बर्बाद किया गया। आज के ये परिणाम, वंशवाद की राजनीति के खिलाफ, विकासवाद की राजनीति को दिया जनादेश है।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
**Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., Ranchi**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. : 2105 Date: 14.11.2025

APPLICATION FOR THE POST OF CHIEF EXECUTIVE OFFICER (CEO)

Applications are invited for the post of **Chief Executive Officer** by Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. from eligible candidates. The appointment will be made initially for a period of three years on contract basis.

The **last date for receiving application shall be 05.12.2025 up to 5.00 PM** and shortlisted eligible candidate will be called for interview. The date of interview, decided by the Bank will be communicated to shortlisted candidates through e-mail.

**For eligibility criteria and other details, please visit website:** https://www.jscb.gov.in.

Sd/-
Manager (HR)
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd.

फाइल सं. ए-12039/02/2025-स्था.।।।
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

विज्ञापन सं. डीएसटी/06/2025 स्था.।।।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में वैज्ञानिकों के '03' (तीन) पदों [वैज्ञानिक 'सी' '02' (दो) पद और वैज्ञानिक 'डी -'01' (एक) पद] को सीधी भर्ती के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्रक्रिया और अन्य सामान्य नियमों और आवश्यकताओं के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.dst.gov.in के प्रशासन और वित्त अनुभाग के अंतर्गत भर्ती प्रकोष्ठ वेबपेज पर जाकर विस्तृत विज्ञापन देखा जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र या अन्य अद्यतन केवल विभागीय वेबसाइट (www.dst.gov.in) के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

अवर सचिव, भारत सरकार
cbc 36101/11/0011/2526







## एनडीए को मिली प्रचंड जीत के लिए बिहार की जनता और सभी समर्पित कार्यकर्ताओं का आभार : कृपा शंकर सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपा शंकर सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली प्रचंड जीत के लिए बिहार की सम्मानित जनता और सभी समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुख नीतियों और सुशासन पर जनता ने एक बार फिर अपना विश्वास जताया है। इस ऐतिहासिक विजय के लिए एनडीए के सभी सहयोगी दलों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।







देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in




**MARWARI COLLEGE, RANCHI**
(AN AUTONOMOUS CONSTITUENT UNIT OF RANCHI UNIVERSITY)
Address:- Near Swami Vivekanand Sarovar Lake Road, Ranchi Jharkhand -834001
Website : www.marwaricollegeranchi.ac.in E-mail : marwaricollegeranchi@gmail.com, Ph : 0651- 2213545



Dr. Manoj Kumar
Principal
Marwari College, Ranchi

झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस के अवसर पर
समस्त झारखण्डवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**Marwari College, Ranchi: Legacy of Excellence :**

Marwari College, Ranchi was established in 1963, including a separate girls' wing in 1967. Today, as an Autonomous Institution recognized by UGC with NAAC accreditation and recipient of the "Potential for Excellence" award, it offers diverse Undergraduate, Postgraduate, and job-oriented/vocational courses, serving as a premier centre of higher education in Jharkhand.

**Mission**

- To enhance graduate outcomes through holistic learning.
- To empower students with professional excellence and soft skills for a successful future.

**Vision**

To create a vibrant ecosystem of teaching and learning by leveraging institutional strengths and resources, igniting young minds to contribute meaningfully towards societal progress.

**U.G. Courses**

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.A. (Hons) Bangla | B.A. (Hons) Home Science | B.A. (Hons) Nagpuri | B.A. (Hons) Urdu |
| B.A. (Hons) Economics | B.A. (Hons) Kharia | B.A. (Hons) Philosophy | B.Sc. (Hons) Botany |
| B.A. (Hons) English | B.A. (Hons) Khortha | B.A. (Hons) Pol. Science | B.Sc. (Hons) Chemistry |
| B.A. (Hons) Geography | B.A. (Hons) Kurmali | B.A. (Hons) Psychology | B.Sc. (Hons) Mathematics |
| B.A. (Hons) Hindi | B.A. (Hons) Kurux | B.A. (Hons) Sanskrit | B.Sc. (Hons) Physics |
| B.A. (Hons) History | B.A. (Hons) Mundari | B.A. (Hons) Sociology | B.Sc. (Hons) Zoology |

**P.G. Courses**

| | | | |
|---|---|---|---|
| M.A. Bangla | M.A. Home Science | M.A. Nagpuri | M.Sc. Chemistry |
| M.A. Economics | M.A. Kharia | M.A. Pol. Science | M.Sc. Mathematics |
| M.A. English | M.A. Khortha | M.A. Psychology | M.Sc. Physics |
| M.A. Geography | M.A. Kurmali | M.A. Sociology | M.Sc. Zoology |
| M.A. Hindi | M.A. Kurux | M.A. Urdu | Master of Commerce (M. Com) |
| M.A. History | M.A. Mundari | M.Sc. Botany | |

**Job Oriented & Vocational Courses**

| | |
|---|---|
| B.Sc. Bio-Technology | Clinical Nutrition & Dietetics |
| B.Sc. Computer Application | Diploma in Digital Photography & Film Making |
| B.Sc. Information Technology | Fashion Designing |
| B.Sc. Artificial intelligence (AI) & machine learning (ML) | M.Sc. Bio-Technology |
| One Year Amanat Certificate Course | Masters of Arts in Fashion Design |
| B.Sc. Computer Science | MBA |
| BBA | MCA |




बिहार तो सिर्फ झांकी है
बंगाल अभी बाकी है
बिहार में
एनडीए
की ऐतिहासिक जीत,
बिरसा मुण्डा जयंती एवं
झारखंड स्थापना दिवस
के अवसर पर
समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 15 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार के जनादेश के मायने

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों ने राज्य की राजनीति और सामाजिक समीकरणों पर बड़ा प्रभाव डाला है। इस बार बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड सीटों के साथ भारी बहुमत से सत्ता में लौट रहा है, जबकि महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) को गंभीर झटका लगा है। चुनाव परिणाम के निष्कर्ष से स्पष्ट है कि एनडीए ने 243 में से 200 से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित की है, जिसमें बीजेपी को 91, जेडीयू को 81 एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 21 सीटें मिली हैं। वहीं, विपक्षी महागठबंधन महज 38 सीटों पर सिमट गया है, जिसमें राजद 26, कांग्रेस 4 और वामदल (सीपीआइ, सीपीएम आदि) 6 सीटों पर आगे दिखे। इन नतीजों के मायने दिलचस्प हैं।

**शासन और नेतृत्व पर असर:** चुनाव परिणाम ने डबल इंजन की सरकार यानी केंद्र-राज्य एक ही साझा गठबंधन के फॉर्मूले पर जनता की मुहर को मजबूती दी है। इससे राज्य में स्थिरता, नीति निरंतरता तथा केंद्र से सहयोग की उम्मीद है। एनडीए में बीजेपी की सीट जेडीयू से अधिक हैं, जिससे भाजपा का राज्य के सत्ता-समीकरण, मंत्रिमंडल गठन और नीतियों पर कड़ा प्रभाव होगा।

> बिहार के नतीजे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में एनडीए के लिए गति और उदाहरण बनेंगे। वहीं, विपक्षी इंडिया गठबंधन में अंदरूनी फूट, नेतृत्व संकट और जमीनी कमजोरियां उजागर हुई हैं।

**विपक्ष के लिए संदेश:** राजद और महागठबंधन की हार, खासकर युवा व महिला वोटरों के बड़ी संख्या में एनडीए की ओर जाने के कारण हुई है, जिससे विपक्षी वृत्तियों को खुद की रणनीति और नेतृत्व की समीक्षा करनी होगी।

**सामाजिक-राजनीतिक पटल पर प्रभाव:** वोटर टर्नआउट में नयी ऊंचाई और महिला वोटरों का रुझान, सामाजिक विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य, सुरक्षा के मुद्दों को आगे लाता है, वहीं जाति-आधारित राजनीति कुछ हद तक कमजोर होती दिखी। वहीं, छोटे दलों की भूमिका बनी रही, जिससे स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रों के लिए बैलेंसिंग एक्ट की आवश्यकता बढ़ गयी है।

**राष्ट्रीय राजनीति के लिए संकेत:** बिहार का परिणाम 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले एनडीए के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मनोबल और संदेश देता है कि क्षेत्रीय गठबंधन नीति और विकास एजेंडा कारगर है।

**राष्ट्रीय राजनीति का नया समीकरण:** एनडीए की जीत से प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व की लोक-प्रियता को बड़ा सहारा मिला है। इससे भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव 2029 और अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति में रहेगी। बिहार के नतीजे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में एनडीए के लिए गति और उदाहरण बनेंगे। वहीं, विपक्षी इंडिया गठबंधन में अंदरूनी फूट, नेतृत्व संकट और जमीनी कमजोरियां उजागर हुई हैं। कमजोर प्रदर्शन से विपक्षी गठबंधन के भविष्य, नेतृत्व और संयुक्त रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पैदा होंगे।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

भगवान बिरसा मुंडा द्वारा संचालित उलगुलान आंदोलन से लेकर अल्लूरी सीताराम राजू, टंट्या भील, वीर गुंडाधुर, रानी गाइदिनल्यू, रामजी गोंड, शहीद वीर नारायण सिंह, सिद्धू-कान्हू जैसे वीरों के प्रखर प्रतिरोध तक – यह सिद्ध करता है कि जनजातीय आंदोलन केवल अलग-अलग संग्राम नहीं थे; बल्कि ये औपनिवेशिक अत्याचार के विरुद्ध सशक्त, निरंतर और संगठित प्रतिप्रवाह थे। उनके संघर्षों ने न केवल जनजातीय अधिकारों की रक्षा की, बल्कि स्वतंत्रता और समानता के लिए राष्ट्रव्यापी संघर्ष को भी सुदृढ़ किया।

# जनजातीय गौरव दिवस : भारत की जनजातीय विरासत और वीरों का उत्सव



**सीपी राधाकृष्णन**



भारत की सामाजिक और राजनीतिक संरचना को आकार देने में जनजातीय समुदायों ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इतिहास साक्षी है कि जनजातीय नेताओं ने अपने भूमि, संस्कृति और गरिमा की रक्षा के लिए, औपनिवेशिक शोषण और अन्याय के विरुद्ध शक्तिशाली आंदोलनों का नेतृत्व किया। अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ तक, भारत में विभिन्न जनजातीय समुदायों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन, स्थानीय जमींदारों और महाजनों के खिलाफ विद्रोह किया, जिन्होंने उनके पारंपरिक जीवन-प्रणाली को बाधित किया था।

भगवान बिरसा मुंडा द्वारा संचालित उलगुलान आंदोलन से लेकर अल्लूरी सीताराम राजू, टंट्या भील, वीर गुंडाधुर, रानी गाइदिनल्यू, रामजी गोंड, शहीद वीर नारायण सिंह, सिद्धू-कान्हू जैसे वीरों के प्रखर प्रतिरोध तक – यह सिद्ध करता है कि जनजातीय आंदोलन केवल अलग-अलग संग्राम नहीं थे; बल्कि ये औपनिवेशिक अत्याचार के विरुद्ध सशक्त, निरंतर और संगठित प्रतिप्रवाह थे। उनके संघर्षों ने न केवल जनजातीय अधिकारों की रक्षा की, बल्कि स्वतंत्रता और समानता के लिए राष्ट्रव्यापी संघर्ष को भी सुदृढ़ किया।

> धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, जो भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर संस्थापित किया गया एक परिवर्तनकारी मिशन है।

सन 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था, जिसके तहत भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती (15 नवंबर) को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी, ताकि इन जनजातीय नेताओं और उनके संघर्षों को सम्मान दिया जा सके। यह निर्णय एक युगांतरकारी कदम था, जिसने आने वाली पीढ़ियों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवशाली विरासत और उनके संघर्षों के प्रति गर्व और जागरूकता को स्थापित किया जा सकें।

इस वर्ष का उत्सव विशेष महत्व रखता है, क्योंकि आज हम बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (जनजातीय गौरव वर्ष) के समापन का समारोह मना रहे हैं, जिसकी शुरुआत 2024 में हुई थी।

**मेरा अनुभव**

मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैं बारहवीं और तेरहवीं लोकसभा के दौरान संसद सदस्य रहा, जब अटल बिहारी वाजपेयीजी देश के माननीय प्रधानमंत्री थे। अटलजी के कार्यकाल के दौरान ही जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की गयी थी। लोकसभा सदस्य के रूप में मैंने झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड को अलग-अलग राज्यों के रूप में गठित करने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। बाद में मुझे झारखंड राज्य का राज्यपाल बनने का सौभाग्य मिला।

राज्यपाल के पद की शपथ लेने के पश्चात उसी दिन मैं भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू गया, जहां जाकर मैंने इस महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुझे स्मरण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उलिहातु जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। उनका यह दौरा मात्र एक श्रद्धांजलि नहीं था, बल्कि एक राष्ट्रीय तीर्थयात्रा के समान था, जिसने जनजातीय समाज के महत्व को पूरे राष्ट्र के समक्ष स्थापित किया।

मैं प्रधानमंत्री के साथ खूंटी (झारखंड) में भी उपस्थित था, जब उन्होंने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN) योजना की घोषणा की, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों की सुरक्षा और सशक्तिकरण करना है। प्रधानमंत्री ने इस योजना की प्रेरणा का श्रेय भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुमूर्जी को दिया, जिन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण जनजातीय समाज के उत्थान हेतु समर्पित किया है।

**कल्याण से सशक्तिकरण की ओर: एक परिवर्तनकारी पहल**

मैंने देखा है कि पिछले एक दशक में जनजातीय समुदायों के लिए नीतिनिर्माण के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण परिवर्तन हुआ है – जो पहले केवल कल्याण उन्मुख था, वह अब सशक्तिकरण उन्मुख बन गया है।

वर्ष 2023 में प्रारंभ किये गये PM-JANMAN मिशन ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह योजना 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को लक्षित करती है, और इसमें 9 मंत्रालयों की समन्वित गतिविधियां सम्मिलित हैं। इनका उद्देश्य 11 प्रमुख हस्तक्षेपों के माध्यम से इन समुदायों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है – जिनमें पक्के घर, सड़क, पेयजल, बिजली कनेक्शन, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं तथा वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से आजीविका के अवसर प्रदान करना शामिल है।

यह मिशन तीन वित्तीय वर्षों (2023-2026) में पूरा किए जाने का लक्ष्य रखता है और अपने दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुका है। 24,104 करोड़ के बजट के साथ, यह योजना 18 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश के 207 जिलों में कार्यान्वित हो रही है और लगभग 48.18 लाख जनजातीय नागरिकों तक पहुंच रही है।

सरकार का एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास है धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, जो भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर संस्थापित किया गया एक परिवर्तनकारी मिशन है। इसका लक्ष्य 63,000 से अधिक जनजातीय बहुल गांवों में बुनियादी सेवाओं की 100% उपलब्धता और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करना है। यह 17 केंद्रीय मंत्रालयों की 25 पहलों के समन्वय के माध्यम से संचालित है। जनजातीय उत्पादों का जियो-टैगिंग, ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव तथा अन्य पहलें जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के सार्थक कदम हैं। इन प्रयासों से जनजातीय समाज अलग-अलग समूहों से राष्ट्रीय मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा बन सका है।

**शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में प्रयास**

जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण की इस नीति-परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, मैंने झारखंड, तेलंगाना और बाद में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कार्य करते समय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के विस्तार पर जोर दिया था, ताकि अधिक से अधिक जनजातीय छात्र इसका लाभ ले सकें। मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि सरकार ने 728 एकलव्य विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जिनमें से 479 विद्यालय पहले से ही क्रियाशील हैं और लगभग 3.5 लाख जनजातीय विद्यार्थी इनसे लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी हर्ष का विषय है कि सरकार ने जनजातीय नेताओं की जीवनियों को अमर बनाने की पहल की है। अब तक 10 राज्यों में 11 अत्याधुनिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को स्थापित करने की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें से 4 संग्रहालयों का उद्घाटन किया जा चुका है।मैं उस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उपस्थित था, जब उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा स्मारक पार्क-व-स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय, रांची का दौरा किया। ये संग्रहालय डिजिटल और इमर्सिव तकनीक का उपयोग करते हुए इतिहास के पन्नों को जीवंत कथा में बदलते हैं, जो जनजातीय वीरों के बलिदान को राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

**निष्कर्ष** – जनजातीय नेता और उनके आंदोलन हमें निरंतर यह स्मरण कराते हैं कि स्वतंत्रता और गरिमा की लड़ाई, भारत के जनजातीय अंचलों के जंगलों और पहाड़ियों में गहराई से बसी हुई थी। उनका साहस, त्याग और अटूट जज्बा आज भी सामाजिक न्याय, पर्यावरण संतुलन और मानवाधिकारों के आंदोलनों को प्रेरित करता है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने भले ही केवल 25 वर्षों का जीवन जिया, परंतु उन्होंने देशभक्ति की जो ज्वाला प्रज्वलित की है, वह आने वाले 2,500 वर्षों तक भी प्रज्वलित रहेगी। यह कहना उचित होगा कि –मनुष्य आयेंगे और चले जायेंगे, पर धरती आबा और अन्य जनजातीय वीरों की विरासत सदैव अमर रहेगी। जय हिंद! जय भारत!

(लेखक : भारत के उपराष्ट्रपति हैं।)

## झारखंड की खबरें

# झारखंड का उदय : खनिजों की भूमि से विकास के संघर्ष तक

## खनिजों की भूमि से विकास की राजधानी बन सकता है हमारा सोना झारखंड

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड जंगलों और खनिजों की धरती है। जिसकी आत्मा आदिवासी परंपराओं में बसती है। 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर बने इस राज्य ने आज लगभग पच्चीस वर्षों का सफर तय कर लिया है। लेकिन सवाल आज भी वही है। क्या झारखंड ने अपने सपनों का विकास हासिल कर लिया है?

**संघर्ष से सृजन तक: राज्य बनने की कहानी**

झारखंड राज्य की मांग कोई नयी नहीं थी। यह एक लंबा आंदोलन था, जो ब्रिटिश काल से ही शुरू हो चुका था। बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी जैसे जननायक इस संघर्ष की प्रेरणा रहे। आदिवासियों की पहचान, संसाधनों पर अधिकार और सम्मानजनक जीवन की चाह ने इस आंदोलन को जनांदोलन बना दिया। परिणाम स्वरुप 15 नवंबर 2000 को झारखंड भारत के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

### झारखंड की उपलब्धियां

पूर्वी भारत में सबसे अधिक स्टील उत्पादन। देश के प्रमुख खनिज निर्यातक राज्यों में शामिल। रांची, जमशेदपुर, बोकारो उद्योग और शिक्षा के उभरते केंद्र। वन संपदा और इको-टूरिज्म में बढ़ती संभावनाएं।

### नये झारखंड की दिशा में सरकार की विशेष पहल

नये झारखंड की ओर राज्य सरकार ने आत्मनिर्भर झारखंड का लक्ष्य तय किया है। ग्रामीण उद्योग, कृषि आधारित स्टार्टअप, और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नयी योजनाएं लागू की जा रही हैं।हरित ऊर्जा और खनन क्षेत्र में संतुलित नीति बनाने की कोशिश जारी है।

### एक दूरदर्शी नीति, पारदर्शी शासन की जरूरत

झारखंड के पास सब कुछ है। जमीन, खनिज, जल और मानव संसाधन का कोई कमी नहीं है। बस आवश्यकता है एक दूरदर्शी नीति, पारदर्शी शासन और युवाओं पलायन रोक पाने वाली कुशल शासन का। जो सबकुछ स्पष्ट रूप से जमीन पर उतारकर हकीकत कर सके। अगर यह हुआ, तो झारखंड भारत के विकास का इंजन बन सकता है।

**खनिज संपदा से भरपूर, फिर भी विकास अधूरा**

झारखंड को भारत का खनिज-हृदय कहा जाता है। यहां देश के 40 प्रतिशत से अधिक खनिज भंडार मौजूद हैं। कोयला, लौह अयस्क, तांबा, यूरेनियम और बॉक्साइट की भरमार है। लेकिन सवाल यह भी है कि इतनी संपदा के बावजूद यहां गरीबी क्यों है?। राज्य का ग्रामीण इलाका आज भी बुनियादी सुविधा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए तरस रहा है।

**विकास के पैमाने पर झारखंड कहां खड़ा है?**

आर्थिक मोर्चा में उद्योगों से आय तो बढ़ी है, लेकिन आम लोगों की आमदनी सीमित है। शिक्षा के क्षेत्र में साक्षरता दर में सुधार हुआ है, पर सरकारी स्कूलों की हालत चिंता जनक है। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या तो है, पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी अब भी बनी हुई है। जबकि रोजगार के क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन राज्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हैं।

### खनिजों की भूमि से विकास की राजधानी बन सकता है झारखंड

झारखंड का उदय केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि पहचान, संघर्ष और स्वाभिमान की कहानी है। संसाधनों से भरपूर यह राज्य अगर शिक्षा, रोजगार और सुशासन में संतुलन ला सके, तो आने वाले दशक में यह खनिजों की भूमि से विकास की राजधानी बन सकता है।

# बाल मेला में बच्चों के लिए बजट दोगुना करने की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चतुर्थ बाल मेला के उद्घाटन के दौरान कहा बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए राज्य का बाल बजट 9000 करोड़ से बढ़ाकर 18000 करोड़ रुपये करने का प्रयास किया जायेगा।




उन्होंने कहा जिस समाज का बचपन कमजोर हो, उसकी जवानी भी कमजोर होती है। उन्होंने बताया झारखंड में 0-5 वर्ष के 40-59% बच्चे कुपोषण के शिकार हैं।सीएसआर फंड का सही उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर हो, इसके लिए उन्होंने बैंक अधिकारियों को तलब करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डीबी सुंदरारामम ने छोटे बच्चों को मोबाइल देने की प्रवृत्ति पर चिंता जतायी।

# स्थापना दिवस पर बोकारो के बुद्धिजीवियों ने दी शुभकामनाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** 15 नवंबर का दिन झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उन लाखों लोगों के संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने अलग राज्य का सपना देखा था। वर्ष 2000 में इसी दिन, बिहार के दक्षिणी हिस्से से अलग होकर, 'वनों की भूमि' यानि झारखंड भारत संघ का 28वां राज्य बना था। यह अवसर इसलिए भी खास है क्योंकि यह महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नायक, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के साथ मेल खाता है। बिरसा मुंडा के आदर्श और संघर्ष आज भी राज्य के लोगों को प्रेरित करते हैं। इस वर्ष, राज्य 25 साल पूरे होने पर रजत जयंती वर्ष मना रहा है। झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर बोकारो के बुद्धिजीवियों ने अपने अपने तरीके से शुभकामनाएं दीं हैं।

### बोकारो की शिक्षा व्यवस्था राज्य की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक : रेव. डॉ डी एन प्रसाद



दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के संस्थापक निदेशक रेव. डॉ डी एन प्रसाद ने कहा है कि झारखंड के 25 वर्षों के इस खास अवसर पर बोकारो की शिक्षा व्यवस्था राज्य की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक दिखाई देती है। इन वर्षों में स्कूलों ने पढ़ाई की पुरानी तरीकों से आगे बढ़कर स्मार्ट क्लासरूम, बेहतर मूल्यांकन और बच्चों पर केंद्रित शिक्षण अपनाया है। प्रतियोगी परीक्षाओं, ओलंपियाड और कौशल-आधारित पढ़ाई की बढ़ती संस्कृति ने छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाया है। स्कूलों की इमारतें, लाइब्रेरी, लैब और खेल सुविधाएँ पहले से कहीं अधिक आधुनिक हुई हैं। शिक्षकों ने भी लगातार प्रशिक्षण लेकर शिक्षा की गुणवत्ता में बड़ा सुधार किया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की भागीदारी ने बोकारो का नाम रोशन किया है।

### अलग राज्य बनने पर झारखंड को हुआ है फायदा : शशिभूषण ओझा



नागरिक अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशिभूषण ओझा 'मुकुल' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड को जिस सोच और उम्मीदों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग राज्य बनाया उसका फायदा तो निश्चित ही इस नए प्रदेश को हुआ ही। क्योंकि गांव- गांव सड़कों का जाल, हाइवे का निर्माण, नए उद्योगों की स्थापना तथा सुदृढ़ीकरण, पर्यटन का विकास सहित आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार के साथ ही झारखंड से उग्रवादियों का सफाया और अनेक क्षेत्रों में प्रगति साफ साफ दिख रही है। मगर, जब से इस राज्य में हेमंत सरकार आयी है राज्य के उत्तरोत्तर हो रहे द्रुतगामी विकास में गतिरोध आया है। बल्कि, तुष्टिकरण की राजनीति भी हावी हो गयी है।

### बीएसएल राज्य की औद्योगिक नीति का एक अभिन्न अंग : मणिकांत धान



बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने कहा कि एक अलग राज्य बनने से स्थानीय मुद्दों, जैसे कि भूमि, विस्थापन, और बुनियादी ढांचे के विकास पर अधिक केंद्रित ध्यान देना संभव हुआ है। राज्य सरकार के साथ सीधा और स्थानीय समन्वय बढ़ा है, जिससे प्लांट के विस्तार और संचालन संबंधी चुनौतियों का समाधान तेजी से हो पाता है। बोकारो स्टील प्लांट ,राज्य की औद्योगिक नीति का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है, जिससे राज्य सरकार का भी प्लांट के स्थिरता और विस्तार पर ध्यान रहता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य के भीतर ही कोकिंग कोल जैसी महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा और अन्य खनिजों के प्रबंधन में अधिक समन्वय स्थापित हो पाया है, जो प्लांट के लिए आवश्यक कच्चा माल है। बोकारो स्टील प्लांट और झारखंड राज्य का संबंध केवल औद्योगिक इकाई और राज्य का नहीं है, बल्कि यह विकास, रोजगार और राष्ट्रीय निर्माण की साझेदारी है।बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति में झारखंड का भविष्य निहित है, और हम एक मजबूत और विकसित झारखंड के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### झारखंड राज्य लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है : डॉ जोशी वर्गीस



एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ जोशी वर्गीस ने झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर सभी झारखंड वासियों का अभिवादन करते हुए शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जिसमें बोकारो शहर का भी अमूल्य योगदान है। बोकारो शहर के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में नए नए कृतिमान स्थापित कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन12वां संस्करण संवाद 2025 आज से शुरू

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा आयोजित संवाद सम्मेलन का 12वां संस्करण 15 से 19 नवंबर तक जमशेदपुर के। गोपाल मैदान में आयोजित होगा। यह आयोजन झारखंड राज्य गठन के 25 वर्ष और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित है।इस वर्ष देश के 26 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की 153 जनजातियों के 2,500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। 2014 में शुरू हुए संवाद प्लेटफॉर्म से अब तक 333 जनजातियों के 43,500 लोग जुड़े हैं।शुक्रवार शाम 6 बजे जनजातीय समुदाय के बुजुर्गों व टाटा स्टील फाउंडेशन नेतृत्व में कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। हर दिन सुबह संवाद सत्र और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मैदान में 51 हस्तशिल्प स्टॉल और 30 हीलिंग प्रैक्टिस काउंटर लगाये जायेंगे।



## बिहार की नतीजे से नये राजनीतिक और विकासपरक संभावनाओं के द्वारा भी खुलेंगे: महेश पोद्दार



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने बिहार में एनडीए को मिली अप्रत्याशित सफलता पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से यह साफ हो गया है कि बिहार की जनता वहां दोबारा जंगलराज नहीं चाहती। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कुशल व सकारात्मक कार्य शैली का परिणाम भी है। बिहार की जनता ने एनडीए को ही अपने अनुकूल मानते हुए अप्रत्याशित फैसला सुनाया है। इस जीत से जहां एनडीए सशक्त बनकर उभरा है। वहीं विकास के नये-नये द्वार खुलने की व्यापक संभावनाएं भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि एनडीए की नीतियों को लोगों ने पसंद ही नहीं किया है बल्कि भरोसा व विश्वास बढ़ा कर अपना मुहर भी लगाया है। बिहार चुनाव में आए अप्रत्याशित नतीजे से नये राजनीतिक व विकासपरक संभावनाओं के द्वारा भी खुलेंगे।




## जीडी गोयनका स्कूल में बाल दिवस का भव्य आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के भव्य प्रांगण में शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर एक विशेष और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों द्वारा आयोजित एक विशेष और मनोरंजक मॉर्निंग असेंबली से हुई। शिक्षकों ने मिलकर असेंबली को रोचक बनाते हुए अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय समाचार, मौसम की जानकारी और इतिहास में इस दिन (पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन) के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद, सभी शिक्षकों ने सामूहिक गान और सामूहिक 'स्लो डांस' की प्रस्तुति दी, जिसने छात्रों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार का प्रस्तुतिकरण रहा। उन्होंने गिटार बजाकर एक मनमोहक गीत प्रस्तुत किया, जिसे बच्चों ने बहुत पसंद किया और तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। मनोरंजन और शिक्षा के बाद, एक रोमांचक क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों के बीच 14 ओवर के सीमित ओवरों का यह मैच काफी कड़ा रहा, जिसमें अंततः शिक्षकों की टीम ने 30 रन से शानदार विजय हासिल की। इस अवसर पर, विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हम शिक्षकों को अपने आचरण से बच्चों के लिए एक आदर्श स्थापित करना चाहिए, ताकि बच्चे उनके मार्ग पर चलकर अपने स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकें।

## जनता जनार्दन का जनमत स्वीकार : देवेंद्रनाथ महतो



रांची (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जनजाति आरक्षित विधानसभा क्षेत्र घाटशिला उप चुनाव इस बार बेहद ही चर्चा में रहा। राज्य सरकार व विपक्ष के सभी नेताओं ने अपनी दमखम कर दिखाया। उपचुनाव में इंडिया एवं एनडीए महागठबंधन सहित कुल 13 उम्मीदवार मैदान में डटे रहे हैं। मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन एवं एनडीए गठबंधन के बीच नयी नवेली पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी अपना जोरदार परफॉर्मेंस दिया। जेएलकेएम अपने पिछले विधानसभा के मतदान के रिकॉर्ड को तोड़कर आगे बढ़ा। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष व चुनाव संयोजक देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हमारा पार्टी का परफॉर्मेंस सकारात्मक रहा है। अपने कार्यकर्ताओं की हौसला को आफ्जाई करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग निरंतर अपने प्रयास को जारी रखेंगे। जन समाधान को लेकर हमारे संगठन की तत्परता निरंतर जारी रहेगा। हमें जनता का जनमत स्वीकार है।

## नेहरू पार्क की अव्यवस्था पर कांग्रेस का आक्रोश, कार्यकर्ताओं ने सफाई और रंग-रोगन किया



रांची( आजाद सिपाही)। सेल सेटेलाइट कॉलोनी स्थित नेहरू चिल्ड्रन पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा और पार्क की अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने कहा कि जिस व्यक्ति ने आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया, आधुनिक भारत की नींव रखी, उनकी प्रतिमा और पार्क की देखभाल पर केंद्रीय सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का ध्यान नहीं है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्क की साफ-सफाई की और प्रतिमा को रंग-रोगन कर नेहरूजी को श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, जगन्नाथ साहू, प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत गौरव, एमडी मुजीब, बप्पी सिंह, विकास सिंह, रवि गोस्वामी, नितीश तिर्की, महेश राय, विवेक सिंह, अमित कुमार, भारत कुमार, अमर सिंह, करण नायक और अन्य कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई की। उन्होंने चेतावनी दी कि पार्क के रखरखाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।












# अपने उत्तरदायित्वों को भी पूरी निष्ठा से निभाता है साईं नाथ विश्वविद्यालय : प्रो डॉ एसपी अग्रवाल

**झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर साईं नाथ विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के तत्वाधान में लेक व्यू ब्लड सेंटर, बरियातू, रांची के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साईं नाथ विश्वविद्यालय, जो राज्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाला अग्रणी संस्थान है, सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय रहता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने रक्तदान के इस महत्त्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 40 से अधिक छात्रों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन लेक व्यू ब्लड सेंटर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप



किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. एसपी अग्रवाल ने कहा- साईं नाथ विश्वविद्यालय केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को भी पूरी निष्ठा से निभाता है। रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों में हमारे छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी हमारे मूल्यों और सेवा-भावना का प्रमाण है। भविष्य में भी विश्वविद्यालय ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

साईं नाथ विश्वविद्यालय सतत शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सेवा को एक साथ लेकर चलने के संकल्प के साथ प्रदेश के युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयत्नशील है।

रक्तदान शिविर में नर्सिंग विभाग का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जहां विभाग के प्राचार्य डॉ प्रतुल्ल नंद, फैकल्टी और प्रशिक्षु नर्सों ने पंजीकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदाताओं की देखरेख और पूरे आयोजन के दौरान चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।







# बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड, इंद्रपुरी स्थित बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को शिक्षिकाओं के साथ गेतलातू स्थित देवी दर्शन परिसर में पिकनिक पर ले जाया गया। जहां बच्चों ने खेल-कूद, नृत्य-गीत और विभिन्न रोचक गतिविधियों में भाग लेते हुए दिन का आनंद लिया। प्रधानाध्यापिका जूथिका सन्याल, निदेशक शिव कुमार झा एवं सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं-सपना सिंह, नेहा कुमारी, तन्नु राय, काजल, रेनू कुमारी, सोनिया शर्मा के साथ कर्मचारी पप्पू सिंह, पुष्प मुंडा, गौरव मुंडा और निशांत कुमार सहित सभी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। सफाई कर्मियों ने भी प्रांगण को सुंदर रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्राचार्या जूथिका सन्याल ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की आधुनिक शिक्षण पद्धति और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु चल रही पहलों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर बीआइटीटी की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी और बीआइटीजी के चेयरमैन डॉ रंजीत कुमार ने शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# प्रधानमंत्री आज सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा करेंगे



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को गुजरात का दौरा करेंगे। लगभग सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री सूरत में निमार्णाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा करेंगे, जहां वे मुंबई-अहमदाबाद हाइ-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह परियोजना देश की सबसे महत्वाकांक्षी अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है, जो भारत को उच्च गति वाली आधुनिक कनेक्टिविटी के नये युग में प्रवेश कराती है। एमएचएसआर लगभग 508 किलोमीटर लंबा है, जिसमें 352 किलोमीटर गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली में तथा 156 किलोमीटर महाराष्ट्र में है। यह कॉरिडोर साबरमती, अहमदाबाद, आनंद, वडोदरा, भरूच, सुरत, बिलिमोरा, वापी, बोइसर, विरार, ठाणे और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगा, जो भारत के परिवहन ढांचे में एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्नत इंजीनियरिंग तकनीकों से निर्मित यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। लगभग 465 किलोमीटर मार्ग वायाडक्ट पर बनाया जा रहा है, जिससे भूमि का न्यूनतम उपयोग और अधिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। अब तक 326 किलोमीटर वायाडक्ट कार्य पूरा हो चुका है और 25 में से 17 नदी पुलों का निर्माण भी समाप्त हो चुका है।







# मारवाड़ी महाविद्यालय में कार्निवाल फेस्ट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा कार्निवाल फेस्ट नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सात सौ से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी शंकर दुबे रहे साथ में गौरव अग्रवाल, नीरज की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धांत श्रीवास्तव, शालू जयसवाल, प्रणव राम तिवारी, विश्वजीत आनंद, गौतम राज, रितिक, सौम्य, लक्की, शायान, तानिया, अनामिका, सोनाली, प्राची, अनुष्का, आस्था, राज, हिमांशु, प्रिंस, सौरभ एवं अन्य लोग शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 15 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# आरटीसी हाइस्कूल में विज्ञान प्रदर्शन का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को आरटीसी हाइस्कूल, बूटी, रांची के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी एवं आर्ट एंड क्राफ्ट का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उदघाटन पूर्व सांसद राम टहल चौधरी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ रुद्रनारायण महतो, प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए छात्रों के मनोबल को बढ़ाया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी -अपनी भूमिका निभायी।

# बिहार विधानसभा चुनाव में सुशासन,विकास और राष्ट्रवादी विचार की जीत: बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित सभी जिलों, मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्सव मनाया गया। पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ प्रदेश पदाधिकारी, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पटाखे छोड़ कर और लड्डू बांट खुशियां मनायी, बधाई शुभकामनाएं दी। पूरा कार्यालय भारत माता की जय, के साथ गूंज उठा। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष को लड्डू खिलाकर बधाई शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिहार झारखंड के कार्यकर्ताओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए और जनता को एनडीए पर प्रचंड भरोसा जताने के लिए आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित एनडीए के नेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मरांडी ने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक जीत सुशासन की जीत है, सबका साथ, सबका विकास की, राष्ट्रवादी विचारों की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए गठबंधन पर दिल खोलकर भरोसा जताया है। और यहीं भरोसा एनडीए की ताकत है। वहीं घाटशिला उपचुनाव परिणाम पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताया और कहा कि यह जीत सहानुभूति की जीत है।

# आइएमएस में वर्कशॉप का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आइएमएस) में आयोजित वर्कशॉप का शनिवार को सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को फाइनेंस के क्षेत्र में आवश्यक ज्ञान एवं कौशल से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट शुभम मोदी ने विद्यार्थियों को निवेश योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि सही निवेश और वित्तीय प्रबंधन से भविष्य मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर आइएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से को-ऑर्डिनेटर डॉ. नीलू सिंह, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. पूजा कुमार, डॉ. शिल्पी आभा खालखो और डॉ. अमित शेखर तिर्की उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ मनीषा कुमारी और विद्यार्थियों के रूप में बादल कुमार अग्रवाल, शीतल वर्णवाल और अंशिका जैन शर्मा ने साथ मिल कर किया।






# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुआ बराभूम स्टेशन का कायाकल्प




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय रेल ने स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यात्री सुविधाओं में सुधार, स्थानीय पर्यटन एवं क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, तथा स्टेशनों को मल्टीमॉडल शहरी गतिशीलता हब के रूप में विकसित करना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों का इस योजना के अंतर्गत विकास किया जायेगा। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत योजनाएं तैयार की गयी हैं और कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। लक्ष्य है स्टेशनों को और अधिक स्वच्छ, आरामदायक तथा उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाना। आद्रा मंडल के अंतर्गत आने वाला बराभूम रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उन्नयन कार्य से गुजर रहा है। यह पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में स्थित है और आसनसोल-टाटानगर-खड़गपुर मुख्य रेलखंड पर स्थित एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जो झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा को जोड़ता है। बराभूम स्टेशन के पुनर्विकास पर कुल अनुमानित लागत 7.35 करोड़ रुपये है। बराभूम स्टेशन पुरुलिया के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बलरमपुर-अयोध्या-बाघमुंडी क्षेत्र की सेवा करता है, जो छाऊ नृत्य, टेराकोटा कला और जनजातीय विरासत के लिए प्रसिद्ध है। यह स्टेशन यात्री और माल, दोनों प्रकार की ढुलाई के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र है। वर्तमान में यह स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बड़े पैमाने पर रूपांतरण से गुजर रहा है।
















# आजाद सिपाही खास



# हेमंत और विकास एक-दूसरे के पर्यायवाची

- इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जा रहा, पर्यावरण पर भी ध्यान
- विकास योजनाओं का लाभ हर किसी को मिल रहा
- आर्थिक रूप से सभी स्वाबलंबी हो रहे
- महिला सशक्तिकरण में राज्य बना बेमिसाल



प्रशांत झा
राजनीतिक संपादक

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड का विकास एक-दूसरे का पर्यायवाची शब्द बन गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो या पर्यावरण की, महिला सशक्तिकरण की बात हो या बच्चों के शिक्षा की। हेमंत सोरेन की हर क्षेत्र पर नजर है। हर क्षेत्र एक निश्चित पैमाने के साथ आगे बढ़ रहा है। यह अगले 25 साल के विजन के साथ चल रहे हैं। उनके नेतृत्व में झारखंड ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। छह साल के शासन में बहुत कुछ बदला है। यह सिलसिला जारी रहा, तो निश्चित जो स्थिति झारखंड स्थापना की 'रजत जयंती' पर राज्य की है, उससे कहीं बहुत आगे 'सिल्वर जुबली' यानी 50वें स्थापना दिवस के समय देखने को मिलेगा। राज्य देश के विकसित राज्यों में से एक होगा, इस बात को नकारा नहीं जा सकता है।

### पर्यावरण को देख कर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा पर्यावरण को बढ़ावा देने की बात करते हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाने की बात करते हैं। यह माना जाता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर भड़ेगा, तो पर्यावरण को नुकसान होगा। हेमंत सोरेन दोनों को साथ लेकर चलने की बात करते हैं। यह केवल उनकी कथनी में नहीं है, करनी में भी है। उनके शासन काल में इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत हुआ और हरियाली भी बढ़ी। यानी उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखा। पर्यावरण की बात करें तो पिछले 25 साल में 1200 वर्ग किमी से ज्यादा वनक्षेत्र बढ़े हैं।

इनमें 2011 से 2024 के बीच सबसे ज्यादा 1000 वर्ग किमी जंगल बढ़े। यानी हेमंत सोरेन के शासन काल 2019 से 2024 में वन क्षेत्र बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फॉरेस्ट सर्वे रिपोर्ट 2023 के मुताबिक झारखंड उन पांच शीर्ष राज्यों में शामिल है, जहां वन क्षेत्र में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। अभी राज्य में कुल वन क्षेत्र 23,765.78 वर्ग किलोमीटर है, जो राज्य के कुल क्षेत्रफल का 29.81 प्रतिशत है। 2021 में यह 28.10 प्रतिशत था, यानी दो सालों में 1.71 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो रांची को देखने से ही पूरे राज्य की झलक मिल जाती है। यहां कांटाटोली फ्लाइओवर बना। स्मार्ट सिटी विकसित हो रही। विधायकों के लिए आवास बने। इसी तरह विभिन्न जिलों में सड़कें-पुल-पुलिया बने। हर गांव जिला मुख्यालय से जुड़ा। ग्रामीण सड़कों में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई। झारखंड की खेल-खिलाड़ियों वाले राज्य के रूप में एक अलग पहचान है। राज्य गठन के समय जहां, एक-दो स्टेडियम थे, वहीं अब हर जिले में स्टेडियम है। मुख्मंत्री हेमंत सोरेन लगातार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने पर कार्य कर रहे हैं। खिलाड़ियों को ट्रेनिंग सेंटर खोले गये। राज्य में खेल के लिए विश्वविद्यालय खोलने की योजना पर काम चल रहा है।

## स्कूली ही नहीं, उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा दिया



साल 2000 में झारखंड का गठन हुआ था। एक ऐसे राज्य के रूप में, जहां खनिज संपदा तो थी, पर शिक्षा का बुनियादी ढांचा बेहद कमजोर। हर गांव में तब स्कूल नहीं थे। कॉलेजों में एडमिशन सीटें सीमित थीं। विश्वविद्यालय सिर्फ तीन शहर में थे। आज 25 साल बाद, तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब झारखंड केवल खनिज संसाधनों के लिए नहीं, बल्कि शैक्षणिक विकास और संस्थागत विस्तार के लिए भी पहचान बना रहा है। राज्य में स्कूलों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है। विश्वविद्यालयों का नेटवर्क 10 गुना बढ़ा है। वहीं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र कई नये संस्थान स्थापित किये गये हैं। राज्य बनने के समय झारखंड में तीन सरकारी विश्वविद्यालय थे। उस दौर में न निजी विश्वविद्यालय था, केंद्रीय संस्थान के नाम पर धनबाद और सीआइपी, रिनपास थे। तकनीकी शिक्षा के नाम पर धनबाद का आइएसएम (अब आइआइटी) ही राज्य का प्रमुख संस्थान है। अधिकांश गांवों में शिक्षा का हाल और भी खराब थी। प्राथमिक और उच्च विद्यालयों की संख्या आबादी के अनुसार नहीं थी। स्कूली शिक्षा सभी को देना संभव नहीं था। इसलिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या भी कम थी। इसके बाद भी बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा के लिए बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली या दक्षिण भारत का रुख करते थे। यह तस्वीर बदल चुकी है। शिक्षा को बढ़ावा देने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का छह वर्ष के कार्यकाल का अहम योगदान रहा है। हेमंत सोरेन ने हर जिले में सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस खोला। हर गरीब बच्चे को शिक्षा मिले इसके लिए गांव-गांव स्कूल खुले। स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक किया गया। बेंच-डेस्क, पीने का पानी, बिजली हर सुविधा मुहैया करायी गयी। शिक्षकों की कमी पाटने के लिए नियुक्तियां हुईं। यहां तक कि अभी भी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। गरीब बच्चों को विदेश तक पढ़ने का मौका देने के लिए उनके लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की। उच्च और तकनीकी शिक्षा में राज्य के बच्चों को पैसा बाधा नहीं बने इसके लिए सभी बच्चों को लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की। जिसके तहत बच्चे को बिना किसी गैरंटी के 15 लाख रुपये तक सब्सिडी पर ऋण मिल रहा है। साक्षरता दर को बढ़ाया। बीएड और नर्सिंग कॉलेज खुले। सरकारी के साथ-साथ निजी विश्वविद्यालय खोलने का राज्य मार्ग प्रशस्त किया।

## खेती-किसानी में भी हेमंत पीछे नहीं



झारखंड भले ही जंगल और खान खनिजों का प्रदेश माना जाता है। वास्तविकता तो यह है कि आज भी राज्य की 70 फीसदी से ज्यादा आबादी खेती पर ही निर्भर है। ऐसे में इस राज्य के लिए कृषि के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। इस बात को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बखूबी जानते हैं। गुरुजी शिबू सोरेन के निधन के बाद क्रिया-कर्म के लिए लंबे समय तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रामगढ़ स्थित अपने गांव नेमरा में थे। नेमरा से हर दिन तस्वीरें आ रहीं थी। अगर इन तस्वीरों को याद करें, तो देखेंगे कि कई तस्वीरों में मुख्यमंत्री खेतों में दिखे। कभी किसानों से बात करते, कभी धान रोपते, तो कभी खेतों के मेढ़ पर टहलते। यह उनके व्यक्तित्व को ही नहीं, उनकी सोच को भी दिखाता है। झारखंड राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था 38 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आधारित है, जो लगभग 80 ग्रामीण आबादी को भरण पोषण प्रदान करती है। झारखंड बना तब 35 लाख टन था अनाज उत्पादन था। 25 साल में दोगुना हो चुका है। अब 74 लाख टन उत्पादन हो रहा। झारखंड का वार्षिक मछली उत्पादन लगभग 3.63 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। राज्य की मत्स्य आवश्यकता का लगभग 95 अब स्थानीय उत्पादन से पूरी हो जाती है। राज्य गठन के समय प्रदेश में 10 लाख हेक्टेयर से भी कम भूमि में धान की खेती होती थी, जो आज बढ़कर 17.63 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछले एक दशक में ही धान आच्छादन का रकबा 2.94 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। यानी हेमंत सरकार के कार्यकाल में इसमें इजाफा हुआ है। वहीं, झारखंड के लिए अच्छी बात यह भी है कि लाह और तसर उत्पादन में झारखंड पूरे देश में अग्रणी है। यहां पर देश का 70 प्रतिशत लाह का उत्पादन होता है। एक अनुमान के अनुसार झारखंड में करीब 15 हजार टन लाह का उत्पादन होता है।

## स्वास्थ्य, बिजली, पानी की स्थिति सुधरी

हेमंत सरकार के छह साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सिंचाई किसी भी क्षेत्र की चर्चा करें तो विकास की रफ्तार पिछले 19 साल के मुकाबले तेज है। यह नहीं कहा जा सकता कि पिछली सरकारों ने विकास के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन विकास की रफ्तार का आकलन करने पर सभी के नेतृत्व वाली सरकार को हेमंत सरकार पीछे छोड़ रही है।

## मुख्यमंत्री का विजन साफ और स्पष्ट है

इन कुछ क्षेत्रों से ही मुख्यमंत्री के 2050 को लेकर विजन को समझा जा सकता है। उनका एक ही विजन है, राज्य के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करना, विकास को बढ़ावा देना। विकास भी किसी एक क्षेत्र में नहीं 'समग्र विकास'। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, बिजली, पानी, सिंचाई आदि सभी। विकास की दौड़ में कोई भी पीछे न छूटे। चाहे वह समाज के सबसे निचले पायदान पर क्यों न हो। यह पिछले छह साल में बढ़ता झारखंड में झलकने लगा है। अब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य दौड़ने की तैयारी कर रहा है।

## हर परिवार को 1.20 लाख रुपये की आय



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार पिछले छह साल से है। राज्य स्थापना के केवल इन छह साल की बात करें, तो हर परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास हुआ। सरकार की विभिन्न योजनाओं से हर परिवार को औसत लगभग 1.20 लाख रुपये प्रति वर्ष का लाभ मिल रहा है। हेमंत सरकार की एक छोटी सी योजना से इसे समझा जा सकता है। सरकार 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त सभी को दे रही है। यह योजना सभी के लिए है। शहर-गांव, गरीब अमीर कोई फर्ख नहीं है। यानी एक परिवार को लगभग 1000 रुपये प्रति महीने का लाभ पहुंच रहा है। इसी तरह सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना की बात करें तो सरकार 58 लाख महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह दे रही है। इससे महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ परिवार को भी लाभ पहुंच रहा। वहीं, सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, किसानों की ऋण माफी समेत कई अन्य योजनाओं से राज्य के लोगों को आर्थिक मदद पहुंच रही है। इन सब को जोड़ दें तो कुछ परिवारों को तो 1.20 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक का लाभ पहुंच रहा है। इससे लोगों का जीवन स्तर सुधर रहा। वह आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे। नतीजतन राज्य की आर्थिक स्थिति और लोगों की स्थिति में सुधार हो रहा।

## महिलाओं ने हड़िया-दारू बेचना छोड़ा



राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं द्वारा हड़िया-दारू बेचना आम बात थी। हेमंत सरकार-1 के गठन यानी 2019 में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री का पद संभालते ही सबसे पहले इस पर ध्यान दिया। लगातार प्रयास किया कि महिलाएं हड़िया-दारू बेचना छोड़ कर आर्थिक रूप से संवालंबी बनें। अगर 2019 के बाद के विभिन्न कार्यक्रम में उनके वक्तव्य को देखा जाये, तो इसकी चर्चा जरूर दिखेगी। उनके अथक प्रयास का नतीजा है कि राज्य में महिलाओं द्वारा हड़िया-दारू बेचने का काम दम तोड़ने की कगार पर है। उन्हें महिला स्वयं सहायता समूह को बढ़ावा दिया। महिलाओं का समूह बना कर उन्हें विभिन्न तरह के कार्य करने के लिए आर्थिक मदद की और प्रोत्साहित किया। नतीजा यह है कि आज राज्य में कई महिला समूह काम कर रहे हैं। जो आर्थिक रूप से स्वालंब है। हड़िया-दारू बेचने का काम धीरे-धीरे बंद होता जा रहा है।

# राज्य का पहला धर्म अमन चैन स्थापित करना और भयमुक्त बनाना : बाबूलाल

- उग्रवादियों और अपराधियों से कभी कोई समझौता नहीं किया, भले व्यक्तिगत रूप से मुझे कीमत चुकानी पड़ी
- झारखंड के बच्चों को स्किल्ड बनाना और बड़ी कंपनियों को निवेश का वातावरण देना, रोजगार सृजन करेगा
- सरकारी खर्च पर आदिवासी और गरीब बच्चों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करना मेरा विजन था

बाबूलाल मरांडी, झारखंड की राजनीति का ऐसा नाम जिन्हें लोग बेदाग और सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में देखते हैं। वह झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने। उनका 28 महीनों का कार्यकाल कई मायनों में ऐतिहासिक और चुनौतियों से भरा रहा। उनका कार्यकाल राज्य के विकास की आधारशिला रखने के लिए जाना जाता है। उनकी छवि एक साफ-सुथरे, मेहनती और अनुशासित नेता की है, जिन्होंने शुरुआती दिनों में राज्य के लिए एक ईमानदार कार्य संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया। आज झारखंड बने 25 साल हो गये हैं। झारखंड में देश का 40% से अधिक खनिज भंडार है, फिर भी यह गरीब राज्यों में से एक बना हुआ है। झारखंड के सामने चुनौतियां हैं जैसे राजनीतिक अस्थिरता, रोजगार और पलायन, कानून व्यवस्था, स्थानीयता के मुद्दे, विस्थापन और पुनर्वास, गरीबी, स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सकों और विशेषज्ञ कर्मचारियों की कमी। लेकिन ऐसा नहीं है कि इन 25 सालों में काम नहीं हुए, विकास कार्य नहीं हुए। काम हुए लेकिन जिस उद्देश्य के लिए झारखंड बना था वह उद्देश्य आज भी अधूरा है। आज के पॉडकास्ट में हम झारखंड के 25 साल होने पर आरोप-प्रत्यारोप से परे एक हेल्दी डिस्कशन करेंगे। कैसा हो सपनों का झारखंड। इसी को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के सामने कई सवालों को रखा **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह** ने।




पूर्व मुख्यमंत्री, बाबूलाल मरांडी

राकेश सिंह, संपादक (आजाद सिपाही)

### बिहार से जो हमें झारखंड मिला, कई समस्याओं से घिरा हुआ था। उस समय पूरे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था लगभग ध्वस्त थी। शहरी इलाकों में गुंडागर्दी और अपराधियों का दबदबा था

**सवाल:** जब आप झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने, तब झारखंड की स्थिति कैसी थी और उस समय क्या चुनौतियां थीं?

**जवाब:** 15 नवंबर 2000 को झारखंड, बिहार से अलग होकर एक नया राज्य बना, तब प्रदेश की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। बिहार से जो झारखंड हमें मिला, वह कई समस्याओं से घिरा हुआ था। उस समय पूरे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था लगभग ध्वस्त थी। शहरी इलाकों में गुंडागर्दी और अपराधियों का दबदबा था। दूसरी ओर ग्रामीण और जंगली क्षेत्रों में उग्रवादियों का प्रभाव था। रात के समय रांची से पलामू या चतरा जैसी जगहों की ओर बसें चलनी बंद हो जाती थीं। गिरिडीह, धनबाद, और रांची के मार्गों पर शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता था। अपहरण उद्योग चरम पर था। लोग भय के माहौल में जी रहे थे। उस दौर में गांवों के बड़े किसान भी अपनी जमीन छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर चुके थे, क्योंकि खेती करना असुरक्षित था। पुलिस थाने और कैंप पर हमले होते थे, उन दिनों सिपाहियों की हत्या और हथियार लूट की घटनाएं आम थीं। इसलिए हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां थीं। एक कानून-व्यवस्था बहाल करना, ताकि लोग भयमुक्त होकर जी सकें और प्रदेश में शांति का माहौल बने। दूसरा उग्रवाद पर नियंत्रण, ताकि लोग अपने गांव लौट सकें, खेती-बाड़ी और विकास का काम फिर से शुरू कर सके। मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा पहला धर्म था राज्य में अमन-चैन कायम करना और एक भयमुक्त झारखंड बनाना।

### हमने तय किया कि आने वाली पीढ़ियों को यह तकलीफ नहीं उठानी पड़ेगी



**सवाल:** जब आप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे तो पहला फैसला जो आपने किया वो क्या था?

**जवाब:** जिस दिन मैंने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, वह रात के 12 बजे के बाद का समय था। स्वाभाविक है कि उस रात नींद नहीं आई। मन में कई चिंताएं थीं, जनता को हमसे क्या-क्या उम्मीदें हैं, क्या हम उन उम्मीदों पर खरे उतर पायेंगे या नहीं यह सोचते-सोचते रात कट गयी। सुबह होते ही, जैसे एक अंतरचेतना जागी। मुझे लगा कि जिन कठिनाइयों को मैंने खुद देखा और झेला है, उन्हें ही दूर करना हमारा पहला काम होना चाहिए। उस दिशा में हमने तीन चीजें तय की। उग्रवाद को खत्म करना, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाना, और बुनियादी ढांचे का विकास, यानी सड़कें, पुल-पुलिया आदि बनवाना। हमने देखा था कि झारखंड के हजारों गांवों से लोग जब शहर की ओर जाते थे, अस्पताल या कोर्ट-कचहरी तक पहुंचना मुश्किल होता था क्योंकि सड़कों की हालत खराब थी, नदी-नालों पर पुल-पुलिया नहीं थे। इसलिए हमने तय किया कि आने वाली पीढ़ियों को यह तकलीफ नहीं उठानी पड़ेगी। फिर हमने उसी दिशा में काम शुरू किया। सड़कें बननी शुरू हुईं, नदी-नालों पर पुल-पुलिया बनने लगे। उग्रवादियों और चरमपंथियों पर सख्ती से कार्रवाई की गयी। इसकी हमें व्यक्तिगत रूप से भी कीमत चुकानी पड़ी, यह पूरा प्रदेश जानता है, देश जानता है। लेकिन हमने किसी भी हाल में उनसे समझौता नहीं किया। आज भी अगर झारखंड की जनता हमें याद करती है, तो मेरी समझ से दो कारणों से करती है, पहला हमने उग्रवादियों और अपराधियों से कोई समझौता नहीं किया, और दूसरा, गांव-गांव तक विकास की गाड़ी पहुंचाई।

### युवा रोजगार की तलाश में बाहर जा रहे हैं, जबकि झारखंड में ही उन्हें अवसर मिल सकते थे

**सवाल:** झारखंड बने 25 साल हो गये हैं। आज आप झारखंड को कहां पाते हैं? कितना बदला है झारखंड?

**जवाब:** देखिए, 25 वर्षों में झारखंड में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां काफी प्रगति हुई है, खासकर बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के क्षेत्र में सड़कें बनी हैं, बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है, और प्रशासनिक तंत्र पहले की तुलना में बेहतर हुआ है। लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भी सच है कि सारी समस्याएं खत्म नहीं हुई हैं। झारखंड के पास देश का कुल खनिज भंडार का लगभग 40% हिस्सा है, यहां कच्चे माल की अपार संपदा है। यह झारखंड की सबसे बड़ी ताकत है। पर अफसोस की बात यह है कि हम अब भी इस संपदा का उपयोग नहीं कर पाये हैं। आज भी हम रॉ मटेरियल (कच्चा माल) बाहर तो भेजते हैं, लेकिन फिनिश्ड प्रोडक्ट (तैयार सामान) बाहर से मंगाते हैं। यदि इन संसाधनों पर आधारित छोटे-बड़े उद्योग झारखंड में खड़े किये जाते, तो रोजगार के अवसर यहीं बन सकते थे। हमने सड़कें और बिजली तो बना लीं, लेकिन रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाये। युवाओं को काम देने के लिये उद्योग-धंधों का विस्तार होना चाहिए था, जो अभी भी अधूरा है। कानून-व्यवस्था की बात करें तो यह पहले से काफी बेहतर हुई है, लेकिन हाल के दिनों में फिर से अपराध और रंगदारी की घटनाएं बढ़ी हैं, खासकर व्यापारी वर्ग में डर का माहौल दिख रहा है। अगर कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए उद्योग और रोजगार पर ध्यान दिया गया होता, तो आज झारखंड की स्थिति और मजबूत होती। देश के बाकी राज्यों की तुलना में झारखंड आज भी पिछड़ा है। आज भी बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में बाहर जा रहे हैं, जबकि झारखंड में ही उन्हें अवसर मिल सकते थे। कुल मिलाकर मैं यह कहूंगा कि, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में झारखंड आगे बढ़ा है, लेकिन रोजगार और औद्योगिक विकास के मोर्चे पर राज्य असफल रहा है। यही आज झारखंड की सबसे बड़ी चुनौती और सबसे बड़ी विफलता है।

### निवेश से ही अच्छे रोजगार के अवसर सुनिश्चित हो सकते हैं




**सवाल:** क्या झारखंड में वह क्षमता थी कि यहां मल्टीनेशनल कंपनी या कॉरपोरेट कंपनी आ सकती थीं? जब आप मुख्यमंत्री थे, तो क्या आपको लगा था कि झारखंड में इतनी क्षमता है?

**जवाब:** बिल्कुल क्षमता है झारखंड में। क्योंकि यहां पर खासकर रांची, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद ये चार-पांच ऐसे प्रमुख शहर हैं। उनके आसपास अच्छे शिक्षा-संस्थान थे, प्लस टू तक के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। अगर इसे ध्यान में रखा जाये, वे बच्चे, जो झारखंड से बाहर जाकर पढ़ाई और रोजगार के लिए जाते हैं। हमारे पास यहां उनके लिये कोई जमीन की भी कमी नहीं थी। जैसे यहां एचसी के पास उस समय सरप्लस जमीन थी। उस जमीन में हम बड़ी कंपनियों को बुला सकते थे। लेकिन सरकार ने उस दिशा में पहल नहीं की। तो उस जमीन पर हमने विधानसभा भवन बना लिया, उस जमीन पर विधायकों का आवास बना दिया। जबकि आप सबको याद होगा कि जब हम राज्य के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तो हमने सुकुरहुटू, कांके साइड में विधानसभा भवन के लिए शिलान्यास किया था। हमारा इरादा था कि उस पहाड़ी क्षेत्र में विधानसभा बने, विधायक लोगों का आवास वहां हो, सचिवालय वहां हो, ताकि उस क्षेत्र में विकास हो। और यहां बड़ी कंपनी पूंजी निवेश करना चाहें, वो वहां आ सकें। क्योंकि विकसित क्षेत्र में सरकार को बहुत कुछ करना नहीं पड़ता, निवेश होता, अच्छे रोजगार के अवसर बनते हैं। कुल मिलाकर रोजगार के बारे में नौजवान इतनी ही मांग करते हैं कि खाली पदों पर बहाली हो। लेकिन उसमें होगा कितना? उसमे सबसे अधिक शिक्षक ही होते हैं, उसकी भी एक सीमा है। और उसके बाद दूसरा जो बड़ा सेक्टर है, वो है सरकारी नौकरी देने वाला सिपाही आदि में और उसके बाद कमी आ जाती है। तो कुल मिलाकर, उस टोटल आबादी का एक प्रतिशत अधिक से अधिक लोग ही सरकारी सेक्टर में नौकरी पा सकते हैं। और बाकी 99 प्रतिशत लोगों को अब कहां अवशोषित करें? इसके लिए हमें अलग-अलग तरीके से सोचना होगा। इन 25 वर्षों के कालखंड में, कोलकाता में कई कॉल-सेंटर खुल गये। तो यह झारखंड में भी हो सकता था। ऐसे में कहा जा सकता है कि ये सारे जो शिक्षा-सेंटर थे, यहां लड़के-लड़की पढ़ रहे थे, उन्हें यहां ही अवसर मिल जाता, तो निश्चित रूप से झारखंड आगे बढ़ता, प्रगति करता।

### झारखंड में भी कॉरपोरेट कंपनियां आ सकती थीं



**सवाल:** झारखंड के विकास में रुकावट क्यों आ रही है, कौन रोक रहा है?

**जवाब:** हमारी राय में आज झारखंड की आबादी 4 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यदि सेंसस हो जाये तो यह निश्चित होगा। हमारी जो बड़ी आबादी है, वह कृषि या मजदूरी पर निर्भर है। यहां खेती भी छोटी-छोटी जोतों पर आधारित है। अधिकांश किसान सीमांत हैं, लघु कृषक हैं। यह सोचना कि खेती के आधार पर सब कुछ विकास कर जायेगा तो ऐसा संभव नहीं है। कहने का अर्थ है कि इनके अतिरिक्त हमें अन्य क्षेत्रों का चयन करना था। जैसे-कुटीर उद्योग हो सकता था। जब रघुवर दास की सरकार थी, उन्होंने खासकर टेक्सटाइल के क्षेत्र में रेडी गारमेंट आदि की कई फैक्ट्रियां लगायीं, जिससे बहुत-सी महिलाओं को रोजगार मिलने लगा था। इसका मतलब यह है कि हमें यह पहचान करनी थी कि इन क्षेत्रों में कितने लोगों को रोजगार दिया जा सकता है। आज भी आप देखेंगे कि हमारे बच्चों में बहुत-से लोग बैंगलोर जाते हैं, जहां कॉरपोरेट कंपनियों में काम करते हैं। यह काम झारखंड में भी स्थापित किया जा सकता था, और यहां भी लोग काम कर सकते थे लेकिन इस दिशा में बिल्कुल कोई पहल नहीं हुई।

### मेरा विजन था, आदिवासी बच्चों को तकनीकी शिक्षा मिले और पूरी फीस सरकार वहन करे



**सवाल:** आदिवासियों के लिए झारखंड बना। आज आदिवासी कहां खड़े हैं? जिनके लिए झारखंड बना क्या उनका प्रॉब्लम सॉल्व हो पाया?

**जवाब:** देखिए, आज मैं फिर यही कहूंगा कि आदिवासी समुदाय की समस्याएं हल नहीं हुई हैं। इसके पीछे कई कारण हैं, और हमें इस मुद्दे को अलग करके नहीं देखना चाहिए। जब झारखंड राज्य का निर्माण हुआ, तब हमने एक योजना शुरू की थी, जिसके तहत आदिवासी बच्चों और बच्चियों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करना हमारा लक्ष्य था। इस तकनीकी शिक्षा में आइटीआइ, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, नर्सिंग ट्रेनिंग और मेडिकल शिक्षा शामिल थी। हमने तय किया था कि इन क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों की पूरी ट्यूशन फीस सरकार वहन करेगी। हमने यह योजना प्रारंभ भी की थी और बच्चों को इसका लाभ भी मिल भी रहा था। मेरी सोच यह थी कि आज यदि आप देखें, तो एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे के एक सेमेस्टर की फीस 60 हजार से 80 हजार तक लग जाती है। कोई भी साधारण आदिवासी माता-पिता इतनी बड़ी राशि खर्च करके अपने बच्चों को पढ़ा नहीं सकते। यहां तक कि नर्सिंग ट्रेनिंग में भी लगभग एक लाख सालाना खर्च आता है। कई बच्चियां सहयोग की अपेक्षा लेकर मेरे पास आती हैं, और उनकी बातें सुनकर समझ आता है कि ये गरीब बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर ही नहीं सकते। हमने ट्राइबल और गरीब बच्चों के लिए योजना शुरू की थी, लेकिन दुर्भाग्यवश बाद के दिनों में इस योजना को बंद कर दिया गया। मेरा यह मानना है कि सरकार को इन गरीब आदिवासी बच्चों के लिए, जिनके माता-पिता फीस वहन नहीं कर सकते, उनकी पढ़ाई का खर्च उठाना चाहिए था। हमें एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए था कि हम प्रत्येक वर्ष एक हजार बच्चों को नर्स और एक हजार बच्चों को इंजीनियर बनायेंगे। यदि हम प्रतिभा के आधार पर बच्चों का चयन करते और उनकी ट्यूशन फीस (चाहे वे बीआइटी मेसरा हो या किसी अन्य अच्छी यूनिवर्सिटी में पढ़ते) सरकार देती, तो इन 25 वर्षों में हम इस प्रतिभा को विकसित कर सकते थे। अगर हम प्रत्येक साल एक-एक हजार बच्चों को निकालते, तो 25 वर्षों में 25,000 बच्चे शिक्षित होकर निकलते। ये 25,000 बच्चे और बच्चियां आज झारखंड में कहीं भी 50 हजार या एक लाख तक की नौकरी करके अपने माता-पिता को पैसा भेजते, जिससे समाज में मूलभूत परिवर्तन आता। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमने जो योजना शुरू की, वह भी बंद हो गयी और सरकार ने कोई नयी व्यापक योजना चलायी नहीं। आदिवासियों के विकास का कोई अलग मापदंड नहीं हो सकता। आपको उन्हें कुशल बनाना है। कुशल बनने से वे काम करने योग्य भी हो जाते हैं और उनमें आत्मविश्वास भी पैदा होता है कि हम भी कुछ कर सकते हैं।

### किसी भी व्यवसायी या निवेशक को यह भान हो कि राज्य उनके लिए बिल्कुल सुरक्षित है



**सवाल:** फिलहाल तत्काल में झारखंड में कौन सी व्यवस्था पर काम करना चाहिए, चाहे किसी की भी सरकार हो।

**जवाब:** देखिए, मैं कहूंगा कि तात्कालिक रूप से सबसे आवश्यक काम पहले कानून का राज स्थापित करना है। यह किसी भी सरकार की पहली ड्यूटी होनी चाहिए। निवेशकों के लिए सुरक्षा। सरकार की पहली जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यवसायी या निवेशक को यह भान हो कि राज्य उनके लिए बिल्कुल सुरक्षित है और किसी प्रकार के भय का माहौल नहीं है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी लोग निवेश करने के लिए आगे आयेंगे। कानून-व्यवस्था के मामले में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। निवेशकों को यह आश्वासन मिलना चाहिए कि उन्हें निवेश के लिए यहां-वहां दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें काम के लिए एक उचित वातावरण मिलना चाहिए। यहां सस्ती लेबर और पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध है, जिसे बाहर से लाना नहीं पड़ेगा। यहां बंजर भूमि की कमी नहीं है, जहां उद्योग लगाये जा सकते हैं। भारत सरकार ने बेहतरीन सड़कें (भारतमाला, जीटी रोड, फोर-लेन, सिक्स-लेन) बना दी हैं, और रेलवे लाइन की भी कमी नहीं है। हम 20-25 किमी अंदर भी जाकर जगह चयन करके उद्योग लगा सकते हैं, बशर्ते वहां रोड और बिजली पहुंचा दी जाये।

## घाटशिला की जनता ने हेमंत सरकार के विकास कार्यों पर मुहर लगायी है : विकास राणा



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य विकास राणा ने बधाई दी। विकास राणा ने कहा कि घाटशिला की जनता ने हेमन्त सोरेन की सरकार के विकास कार्यो पर मुहर लगायी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य विकास राणा ने कहा कि सोमेस चन्द्र सोरेन एक बीटेक इंजीनीयर है और घाटशिला की जनता ने एक पढ़े लिखे और शिक्षित व्यक्ति को जीताकर विधानसभा भेजने का कार्य किया है निश्चित रूप से पुरे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य विकास राणा ने घाटशिला की जीत के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, घाटशिला चुनाव प्रभारी दीपक बिरुवा, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय सहित सभी पदाधिकारियों और झामुमो कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति सदस्य ने कहा कि बिहार चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को नजर अंदाज करना राजद और कॉग्रेस को भारी पड़ गया अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा भी साथ होती तो बिहार चुनाव का परिणाम कुछ और होता।

## बिहार में विकास और सुशासन की जीत हुई : डॉ नीरा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की जीत को जनता की जीत बताया। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि यह जीत बताता है कि लोग अब विकास और सुशासन को पसंद करते हैं। नतीजों ने बता दिया कि बिहार के लोग अब फिर से ह्यजंगल राज के फेर में नहीं पड़ने वाले हैं। बिहार की जनता अव्यवस्था और भ्रष्ट नेतृत्व को स्वीकार नहीं करती। बिहार के लोग पीएम मोदी जी की नीतियों के साथ हैं, एनडीए गठबंधन की सरकार में सीएम नीतीश कुमार के कार्यकाल में जो विकास हुआ, उस विकास के साथ हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने इसे अभूतपूर्व जीत बताते हुए इसके लिए एनडीए गठबंधन, पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और पूरे बिहार की जनता को बधाई दी है।

## टाटीझरिया में कृषि अनुसंधान गौरिया करमा के नोडल अधिकारी ने किया एफपीओ का दौरा

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टाटीझरिया में भारतीय कृषि अनुसंधान गोरिया करमा के नोडल अधिकारी डॉ कृष्ण प्रसाद ने F P O का दौरा किया और रवि फसल के लिए गेहूं, सरसों, चना, मसूर सब्जी किट का वितरण किया और खेती करने के लिए उन्नत बीज के वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए के लिए किसानों को बारीकी से समझाया नोडल अधिकारी कृष्ण प्रसाद ने बताया कि आपलोग समयानुसार फसल को लगावे जहां समझ में नहीं आता है तो संपर्क कीजिए और समय समय पर आकर खेती करने का तरीका बतायेंगे।

## प्रतिबंधित मांस के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक राजेंद्र भुईंया गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी उदय भुईंया का पुत्र है। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि सदर थाना क्षेत्र के तपेज के पास कुछ ग्रामीण एक युवक को पकड़ कर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि एक युवक जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। इसके साथ मारपीट करने वाले वहां से फरार हो चुके हैं। युवक जहां पड़ा हुआ था वहीं दस प्लास्टिक के बैग में मांस रखा हुआ है। इसकी सूचना पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक को दी गयी। पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे तब यह स्पष्ट हुआ कि मांस प्रतिबंधित है। जब इस मामले में युवक से पूछताछ की गयी तो युवक ने बताया कि वह शहर के खानका मस्जिद रोड से प्रतिबंधित मांस खरीद कर ले जा रहा था। वह खानका मस्जिद के समीप से प्रतिबंधित मांस खरीद कर गिद्धौर थाना क्षेत्र में इसकी बिक्री करता था। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध सदर थाना में पशु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी शहर में अब भी गौकशी जारी है। ज्ञात हो कि गौरक्षा दल व हिंदू राष्ट्र संघ के कार्यकर्ता हाल के दिनों में कई बार डीसी व एसपी को ज्ञापन सौंप कर शहर में गौकशी पर प्रतिबंध लगाने की मांग किया है। लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है।

## इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के लिए था। बालक वर्ग में पवन हाउस विजेता बना जबकि आकाश और दूसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में पानी हाउस विजेता और पवन हाउस को उपविजेता का खिताब मिला।





































## बिहार के चुनाव परिणाम पर जिला जदयू ने मनाया जश्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 14 नवंबर को बिहार विधानसभा का परिणाम नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की प्रचंड बहुमत मिलने पर पूरे प्रदेश सहित हजारीबाग जिला जनता दल यूनाइटेड के पदाधीकारी, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी.। परिणाम बढ़त के साथ सुबह से रहा जो लगातार कायम बना रहा। लोकप्रिय विकास पुरुष नीतीश कुमार 10 वीं बार रिकार्ड एनडीए गठबंधन बिहार के मुख्यमंत्री का शपथ लेंगे जो देश के लिए गौरव की बात होगी। भ्रष्टाचार, जंगल राज, शराब बंदी पर विकास की जीत फिर से नीतीश का नारा पूरे भारत में गूंज रहा है। खुशी के इस मौके पर प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी ने कहा जनता जागरूक हो गयी है लोग लोक लुभावनी बातों में ना आकर नीतिश जी कि बातों को प्राथमिकता दिया,साथ ही साथ कहा कि लोग जंगल राज बात को सुन कर सिहर उठते थे यह जीत विकास और विश्वास कि है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल के नेतृत्व में शहर में कुद क्षेत्र में प्रदेश सचिव संतोष कुमार सोनी व अन्य पदाधीकारीयों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पटाखे/आतिशबाजी कर जश्न मनाने का काम किया और भारत के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी में भ्रष्टाचार और जंगल राज से मुक्ति का जो संकल्प लिया था उसे बिहार के मतदाता सभी वर्गों का समर्थन मिला।

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने सुभाष चौक पर की आतिशबाजी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रचण्ड जीत पर भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्थानीय सुभाष चौक के समीप भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को लडडू खिलाकर खुशी जाहिर किया। मौके पर सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा यह जीत की असली हकदार बिहार की जनता है। जिन्होंने नीतीश सरकार के विकास पर भरोसा किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के जीत के मैनेजमेंट गुरु रहे हमारे गृह मंत्री अमित शाह और बिहार भाजपा प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान जिन्होंने जीत की रणनीति बनाई और महागठबंधन को धराशाई की। जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के बिहार के विकास के लिए किए काम को जनता ने अपना पूरा प्यार लुटाया है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणनंजय कुमार उर्फ.कूंटू बाबु,डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ प्रो संजय प्रसाद सिंह, वरिष्ठ नेता जोगिंदर सिंह जग्गी, सागर भारती, जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी, महेन्द्र प्रजापति, जिला मंत्री सरदार अनमोल सिंह, राजीव पामदत्त, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह,दीपक सोनकर, नरेंद्र चंचल, प्रो आलोक कुमार, सहदेव ठाकुर,सुबोध सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा, मणिशंकर ठाकुर, मनोज जायसवाल, मनोज सिंह, संतोष कुमार साह, सुशांत पांडेय, ब्रजेश पाठक,सत्यजीत सिंह, ऋषिकेश सिंह ,मिथिलेश मंडल, अजीत कुमार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सुरेन्द्र शर्मा, अजय प्रियदर्शी, सत्यजीत चौधरी, महेश चौधरी, राजेश ठाकुर, राकेश कुमार सिन्हा, शिव कुमार गुप्ता, राबिन गुप्ता, तरुण कुमार साहू, जगदीश शर्मा, अमित कुमार ठाकुर, गौतम महतो, नीरज प्रताप सिंह, दिनेश कुमार सिंह, रोहित सिंह, जीतू यादव, विजय खतिक, वीरेंद्र कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीएम मोदी की लोकप्रियता से मिला बिहार को प्रचंड बहुमत : जगेश्वर प्रजापति




**कुजू (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से बिहार की जनता ने पुन: प्रचंड बहुमत दिया है। साथ ही, एक बार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनी है। वहीं, बिहार की जनता ने एनडीए के सुशासन को अपनाते हुए सारे विरोधियों को करारा जबाव देने का कार्य किया है। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने कुजू में बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड बहुमत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला है, इससे साफ है कि जनता ने विकास को चुना है। क्योंकि एनडीए सरकार में जिस तरह से बिहार के जनता का विकास हुआ है, उसी के तर्ज पर वहां की जनता ने उनपर भरोसा जताया। जगेश्वर प्रजापति ने बिहार में मिले ऐतिहासिक जीत के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और सीएम नीतीश कुमार को बधाई दिया। बाद में उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई का वितरण करते हुए जश्न मनाया। वही, उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिहार में एनडीए को बहुमत मिला है, ठीक उसी प्रकार आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल में भी एनडीए जीत दर्ज कर इतिहास रचेगी। हर्ष व्यक्त करने वालो में जनक प्रसाद, दशरथ प्रसाद केशरी, सुखदेव सोनी, डिंपल प्रजापति, आशा कुमारी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, नरेश प्रजापति, शुभम कुमार, छोटन प्रजापति, शांति, वीणा, मीणा, अनिता, गुड़िया, लक्ष्मी, रीना देवी, मुनिता, गुनिता, सरिता, सुनीता, प्रकाश केशरी, परमेश्वर प्रसाद केशरी आदि शामिल है।

## इको पार्क में विविध कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के चौथे दिन आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पीछे स्थित इको पार्क परिसर में विविध सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी-अपनी प्रतिभा की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।












# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर पलामू भाजपा ने निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड बहुमत से उत्साहित पलामू भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में स्थानीय गीता भवन से बाजार भ्रमण करते हुए छःमुहान चौक तक विजय जुलूस निकाला। बिहार की जनता जिंदाबाद, हर हर मोदी घर घर मोदी के नारों से पूरा शहर गूंज गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह बिहार की जनता की जीत है। सारे जातीय एवं धार्मिक समीकरण को आम जनता ने नकार दिया विकास को प्राथमिकता देते हुए अपना जनमत दिया और एनडीए की डबल इंजन की सरकार बना दिया। यह बिल्कुल साफ हो गया कि आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता का विश्वास अटूट है।

विजय जुलूस में बीजेपी झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, विभाकर नारायण पांडे, शिवकुमार मिश्रा, प्रभात भुइया, मुरारी पांडे, दुर्गा जौहरी, विजय ठाकुर, कवि शर्मा, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, सरवन गुप्ता, शैलेश सिंह, राजकुमार बर्मन, रोहित वर्मा, अनिल सिन्हा, वेद प्रकाश शर्मा, शुभम प्रसाद, टिंकल गुप्ता, डब्बू चौरसिया, राजहंस अग्रवाल, आशीष भारद्वाज, जितेंद्र तिवारी, विजय कुशवाहा,सोनू तिवारी, अनुज चंद्रवंशी, संदीप सिंह, आशीष सिंह, रुनु यादव, सुमन कुमार, मुन्ना यादव, वीरेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश पप्पू, निवेदन अग्रवाल, रिंकू दुबे, पप्पू सिंह, मुन्ना मिश्रा, श्याम जी, राकेश, अनमोल, रीना किशोर, सुजाता सिंह, मंजू गुप्ता, प्रिया श्रीवास्तव, उपासना सिंह, ललिता देवी, पुष्पा सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## बिहार में प्रचंड जीत पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में निकाला गया विजय जुलूस



पांकी (पलामू)। बिहार विधानसभा चुनाव मे फिर से एनडीए के पक्ष मे प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज हासिल करने पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व मे विस क्षेत्र के नीलांबर - पीतांबरपुर (लेस्लीगंज ) में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस मौर्या फॉर्म हॉउस से नीलांबर - पीतांबरपुर बाजार सहित कई स्थानों पर भ्रमण करते हुए वापस मौर्या फॉर्म हॉउस पंहुचा। जुलूस मे नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, बाबूलाल मरांडी, डां शशिभूषण मेहता के जयकारे से गूंज रहा था। इधर पांकी में भी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह के नेतृव मे विजय जुलुस निकाला गया। जुलूस में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, उदेश यादव, वशिष्ट सिंह, छोटेलाल सोनी, मुखिया मंदीप मेहता, मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, निर्मल मेहता, सुधीर तिवारी, पप्पू मिश्रा, वीरेंद्र, सुनील, धर्मदेव, देवराज सहित कई लोग शामिल थे।

## एनडीए की जीत पर बिश्रामपुर में निकला विजय जुलूस



विश्रामपुर (पलामू)। बिहार में एनडीए के प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिश्रामपुर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस की शुरूआत नप मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय से हुयी। जुलुश नगर भ्रमण के बाद ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण पहुंचा, जहां वह सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुये मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जुलूस में वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला, शिवबंश मिश्रा, बिहारी लाल गुप्ता, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शंकर केशरी, मनीष कुमार, संजय ठाकुर, सत्यनारायण सोनी, संजय साह, रजनीश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, गोपाल सोनी मुकेश चौधरी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर का असर: अवैध रूप से चल रहा था ईंट भट्टा जांच में सही पाया तो संचालन पर लगायी रोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़ (पलामू)।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बेड़मा बभंडी पंचायत के चौपरिया गांव में अवैध रूप से सैयद अंसारी द्वारा लोहे का चिमनी ईट भट्टा पिछले दो वर्षों से संचालन किया जा रहा था। जिसकी खबर शुक्रवार के दैनिक अखबार आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थीं। जिसपर शुक्रवार को खबर का असर देखने को मिला कि चैनपुर अंचलाधिकारी जागो महतो द्वारा चिमनी ईंट भट्टा का निरीक्षण कर संचालक से दस्तावेज का मांग किया, साथ ही उन्होंने कहा कि दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई की अवैध रूप से लोहे की चिमनी ईंट भट्टा का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा हैं, जो मौके पर निरीक्षण के दौरान सही पाया गया। जिसे देखते हुए चिमनी ईंट भट्टा संचालक को बंद रखने का निर्देश दिया गया और कहा कि अगर दुबारा बिना दस्तावेज विभाग को दिखाये ही चिमनी ईंट भट्टा संचालन किया, तो संचालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

## घरेलू गैस का उपयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में न करें, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई: अभिषेक कुमार



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। घरेलू गैस का उपयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठान जैसे होटल, रेस्टोरेंट, रेवड़ी जगहों पर न किया जाये, नहीं तो जांच कर की जायेगी कानूनी कार्रवाई। उक्त बाते चैनपुर प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहीं। वें शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान अपनी बातें रख रहे थें। उन्होंने कहा कि जागो ग्राहक जागो के तहत सरकार व जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के आदेशानुसार क्षेत्र में घरेलू गैस का उपयोग सुचारू रूप से करने को लेकर जागरूकता फैलाई जा रहीं हैं क्योंकि देखा जा रहा हैं कि घरेलू गैस का उपयोग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में धड़ल्ले से किया जा रहा हैं। परिणाम स्वरूप घरेलू गैस का किल्लत क्षेत्र में बढ़ गया हैं।

## रजत जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति (जेएसएलपीएस) के तत्वाधान में ग्राम संगठन स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड क्षेत्र के 78 अलग-अलग ग्राम संगठनों में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई और 25 वर्ष की उपलब्धी तथा आगामी पांच वर्ष की एजेंडा पर चर्चा की गई। इस दौरान महिलाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरसोत कलस्टर के आईपीआरपी जितेंद्र कुमार, नोडल पदाधिकारी ममता देवी, सेमरवार कलस्टर आईपीआरपी ममता कुमारी, अररुआखुर्द आईपीआरपी सरिता देवी, कटैया सीसी ममता कुमारी, सरैया में सीसी दिनेश कुमार, तेंदुई में मोहम्मद आसिफ आदि की देख रेख में सफल बनाया गया। इस मौके पर जुली कुमारी, नीलम देवी सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल थीं।

## सरस्वती विद्या मंदिर जपला में बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साहपूर्ण वातावरण और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस वर्ष झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य के गठन की पूर्व संध्या पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे समारोह का महत्व और भी बढ़ गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ आचार्य मृत्युंजय प्रसाद एवं शशि कुमार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया।

इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के नायक ही नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के अमर महापुरुष थे। उनका जीवन संघर्ष, साहस और सत्यनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण है, जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने 'उलगुलान' के माध्यम से समाज में व्याप्त असमानता के खिलाफ क्रांति की ज्योति जलाई। जनजातीय गौरव दिवस उनके बलिदान, आदर्शों और त्याग को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है।'

## जीत उसी की होती है जो धर्म की राह पर चलता है : कनक पांडेय



**राम कथा अमृतवर्षा का समापन भक्ति में डूबा रहा जपला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर परिसर कर्पूरी ठाकुर मैदान जपला में नौ दिनों से चल रही संगीतमय श्री राम कथा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचने लगे। वातावरण में भजन, मंत्र और राम नाम गूंज रहा था। अंतिम दिन कथा वाचिका पूज्या सुश्री कनक पांडेय ने श्रीराम के वनवास के अंतिम पड़ाव, रावण वध व राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया। उन्होंने राम रावण युद्ध का वर्णन किया। जिसमें उन्होंने कह की धर्म की राह कठिन जरूर होती है, पर अंत में जीत उसी की होती है जो धर्म की राह पर चलता है। उन्होंने कहा कि राम राज्य का मतलब है सबके प्रति समान भाव, न्याय, प्रेम और सच्चाई है। कथा के दौरान जय श्री राम के नारे व भजन बार-बार गूंजते रहे और वातावरण आध्यात्मिक हो उठता था। कथा की शुरूआत 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा से हुई थी। नौ दिनों तक जपला और आस-पास के गांवों से लोग रोज कथा सुनने पहुंचे।

## बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत
## जनता ने जात-पात छोड़ विकास का मार्ग चुना : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** बिहार में एनडीए की प्रचंड और ऐतिहासिक विजय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदृष्टि, नीतियों तथा विकास के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है।

उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों ने जन-जन का विश्वास जीता है। इसी विश्वास के आधार पर बिहार की जनता ने जात-पात और विभाजन की राजनीति को सिरे से खारिज करते हुए विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में अपना मत दिया है। पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली राजनीति को अब जनता भली-भांति पहचान चुकी है, और पूरे देश से ऐसी ताकतों का पतन दिखाई दे रहा है। बिहार के इस जनादेश ने यह सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्रहित, विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर जनता एकजुट है। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं और सबसे बढ़कर बिहार की जागरूक जनता को हार्दिक बधाई दी।






















## उपमुख्यमंत्री परिडा का दिल्ली और बेंगलुरु का दो दिवसीय दौरा आज से

भुवनेश्वर। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा शनिवार से दो दिवसीय दौरे पर नयी दिल्ली जायेंगी। वहां वे 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेंगी और ओड़िशा मंडप का उद्घाटन करेंगी। ओड़िशा हर साल भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस मेले में एक प्रमुख राज्य के रूप में भाग लेता है और अपना योगदान देते हुए राज्य के इतिहास, कला, परंपरा और संस्कृति को प्रदर्शित करता रहता है।

**कार्यालय : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला योजना शाखा)**
e-mail: dpopalamau@gmail.com, Office: 06562-230859
dpo-palamu@jharkhandmail.gov.in

**अतिअल्पकालीन निविदा/दर आमंत्रण**

**Very Short Notice Tender/Quotation Call**

नीति आयोग भारत सरकार द्वारा सम्पूर्णता अभियांन एवं सम्पूर्णता अभियांन सम्मान समारोह हेतु उपलब्ध कराये गये आवंटन अन्तर्गत उपलब्ध राशि मो0 2.76988 लाख रूपये से पलामू जिला के सरकारी विद्यालयों के विधार्थियों के लिए स्कूल बैग का क्रय निविदा के माध्यम से करने हेतु दर आमंत्रित किया जाता हैं।

इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्त्ता अपना कोटेशन (प्रति ईकाई), सम्बंधित सभी दस्तावेज एवं स्कूल बैग का नमूना दिनांक 25.11.2025 को समय 12:00 बजे ~~पूर्वाह्न~~/अपराहन तक जिला योजना कार्यालय, पलामू में समर्पित करेगें। निविदा/दर आमंत्रण खोलने की तिथि दिनांक 25.11.2025 को अपराह्न 3:30 बजे होगा।

निविदा/दर आमंत्रण में भाग लेने की नियम एवं शर्ते निम्नवत है :-

1. इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति की जाने वाली स्कूल बैग का Specification संलग्न किया जायेगा एवं जानकारियाँ स्पष्ट की जायेगी।
2. इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्त्ता को स्कूल बैग का Manufacturer एवं Warranty/Gurantee का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
3. इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा अद्यतन Updated GST Return जमा करना होगा।
4. इच्छुक फर्म को 100.00 रूपये के ई-स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना होगा कि उनकी फर्म/संस्थान केंद्र/राज्य सरकार या किसी अनुशांगिक इकाई द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं है।
5. सफल फर्म/संस्थान/आपूत्तिकर्त्ता को स्कूल बैग की आपूर्ति आदेशित स्थल पर करनी होगी, जिसके लिए उन्हें अलग से कोई व्यय देय नहीं होगा।
6. इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूत्तिकर्त्ता को अपनी निविदा मे सभी प्रकार की कर GST आदि सम्मिलित करते हुए दर उद्धत करना होगा एवं प्रति बैग का दर समर्पित करना होगा।
7. सफल फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा स्कूल बैग की आपूर्ति आदेश की तिथि से 10 दिनों के अंदर करना होगा, अन्यथा उनका चयन रद्द कर दिया जायेगा।
8. झारखण्ड राज्य में पंजीकृत स्थानीय फर्म/संस्थान को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूत्तिकर्त्ता को बैग का नमूना निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। निविदा समिति के द्वारा सर्वोच्च गुणवत्ता वाले बैग का चयन किया जायेगा। तत्पश्चात चयनित बैग का दर उक्त बैग के निविदादाता को छोड़कर शेष सभी निविदादाता से आमंत्रित किया जायेगा, जो बन्द लिफाफा में समिति के समक्ष इच्छुक फर्म/संस्थान/आपूत्तिकर्त्ता द्वारा जमा किया जायेगा। चयनित बैग के निविदादाता द्वारा पूर्व में समर्पित दर तथा शेष निविदादाता द्वारा चयनित बैग का समर्पित दर में से न्यूनतम दर के आधार पर सफल फर्म/संस्थान/आपूर्तिकर्त्ता का चयन किया जायेगा।
10. प्राप्त प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा, जो अंतिम एवं मान्य होगा।

जिला योजना पदाधिकारी,
पलामू

PR 366082 District(25-26)#D

**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting BID**

**Ref No: SHAJ/Tech /Chitra/ECL Road/2024/884** **Date: 13.11.2025**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites BID for **"Construction of Chitra East OCP under SP Mines area ECL Road (on Deposit basis) (Total Length-1.30 Km.)."** The approximate cost of the work is Rs. 7.56 crore (Approx).
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Bid document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **18.11.2025 (15:00 hrs) to 09.12.2025 (15:00 hrs).**
The complete BID Application shall be submitted online by **09.12.2025 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in. All the details regarding this BID will be available on the above mentioned website.
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 7.56 Lakh (Rs. Seven Lakh Fifty Six Thousand) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per **Information Technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.** The undersigned will open the received bid online on **10.12.2025** at **15:30 hrs.**
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

**Sd/-**
**Member (Technical)**
**State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi**
**Deen Dayal Nagar**
**(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

PR 366023 State Highway Authority of Jharkhand(25-26).D

## मुख्यमंत्री ने गोदावरीश आदर्श विद्यालय योजना के 'लोगो' का उन्मोचन किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए, विद्यालय एवं जन शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, गोदावरीश आदर्श विद्यालय, को एक कदम और आगे बढ़ाया गया है और आज लोक सेवा भवन में इस योजना के लोगो का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी ने लोगो का अनावरण करते हुए कहा कि गोदावरीश आदर्श विद्यालय बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा शिक्षा को आकर्षक और प्रभावी बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। बैठक में हुई चर्चा में यह बात सामने आई कि गोदावरीश आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत पहले चरण में 2,200 विद्यालयों को सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 12,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएँगे। यह राशि अगले चार वर्षों, अर्थात 2025-26 से 2028-29 तक, में खर्च की जाएगी। ये विद्यालय ग्राम पंचायत के उस गाँव में स्थापित किए जाएँगे जहाँ 5 एकड़ भूमि उपलब्ध हो और जहाँ यातायात की सुविधा हो। पंचायत के मध्य में कम से कम 5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने वाले सबसे बड़े गाँव को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोगो ओड़िया संस्कृति का प्रतीक है। यह महान शिक्षाविद् पंडित गोदावरीश मिश्र के आदर्शों को दशार्ता है। यह ' लोगो' शिक्षा के महत्व और भूमिका को दशार्ता है। लोगे के मध्य में एक खुली किताब और एक कलम का आगे का हिसा है। खुली किताब शिक्षा और बौद्धिक शक्ति के जागरण का प्रतिनिधित्व करती है और । कलम का आगे का हिसा रचनात्मकता और प्रकाशन का प्रतिनिधित्व करती है। जो अज्ञानता को दूर कर प्रगति को बढ़ावा देती है। यह हमारे छात्रों के सपनों को जगाएगी। मशाल के चारों ओर बिखरी किरणें नैतिक प्रकाश का प्रतीक हैं। 'लोगो' का गोलाकार आकार एकता, समावेश और सद्भाव का प्रतीक है। लोगो में तीन तारे ज्ञान, चरित्र और सेवा का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें प्रयुक्त रंग भी गहरे अर्थ रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगो के चारों ओर ओड़िया लिपि में लिखा गोदावरीश मिश्र आदर्श विद्यालय हमारी ओड़िया भाषा और संस्कृति के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस आदर्श विद्यालय के निर्माण से क्षेत्र में शैक्षिक बुनियादी ढांचे और सीखने के माहौल में सुधार होगा। स्कूल में आधुनिक कक्षाएँ, डिजिटल उपकरण और खेल उपकरण जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
